# D.A.V. College Hoshiarpur

## List of Activities and News: Session 2023-24

- DAV College Hoshiarpur has received recognition from All India Council for Technical Education (AICTE) for its BBA and BCA courses. College Principal Prof. (Dr.) Vinay Kumar informed that these courses had been successfully running in affiliation with Panjab University, Chandigarh, for a long time. From 2024 onwards, due to the technical nature of these courses, AICTE required the college to obtain recognition from the council.



केसरी

**डी.ए.वी. कालेज को ए.आई.सी.टी.ई से बी.बी.ए. तथा बी.सी.ए. कोर्स के लिए मिली मान्यता**

*जानकारी देते प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार के साथ प्रिं. डा. विनय कुमार तथा स्टाफ के अन्य सदस्य। (जैन)*

होशियारपुर, 16 जुलाई (जैन): डी.ए.वी. कालेज को बी.बी.ए. (बैचलर ऑफ बिजनैस एडमिनिस्ट्रेशन) व बी.सी.ए. (बैचलर ऑफ कम्प्यूटर एप्लिकेशन) कोर्स के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (ए.आई.सी.टी.ई) से मान्यता मिली है। कालेज प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि यह कोर्स लंबे समय से पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ के अधीन सफलतापूर्वक चल रहे हैं। पर इन कोर्सिज की तकनीकी प्रकृति के कारण ही 2024 से ऑल इंडिया कौंसिल फॉर टैक्निकल एजूकेशन ने सभी कालेजों को कुछ शर्तों के तहत कौंसिल से मान्यता प्राप्त करने की आवश्यकता बताई।

इस प्रकार डी.ए.वी. कालेज, होशियारपुर ने सभी शर्तों को पूरा करने के बाद इन दोनों ही कोर्सिज में मान्यता प्राप्त कर ली है।

कालेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार और सचिव डी.एल.आनंद ने कालेज प्रिंसीपल व स्टॉफ को इस उपलब्धि पर बधाई दी। इस अवसर पर कालेज रजिस्ट्रार प्रो. मंजील कुमार एवं प्रो. नवीन कुमार भी उपस्थित रहे।

- D.A.V. Hoshiarpur bids Farewell to Sh. Sanjay Sood on June 29,2024



रिटायरमैंट पर डी.ए.वी. कालेज में संजय सूद को दी विदाई

डी.ए.वी. कालेज से लंबे अर्से की सेवा के बाद रिटायर हुए लैब असिस्टैंट संजय सूद को सम्मानित करते प्रिं. डा. विनय कुमार तथा स्टाफ के अन्य सदस्य। (जैन)

- The prospectus for the new session 2024-25 was unveiled by Dr. Anoop Kumar, Worthy President, College Managing Committee and Prof. (Dr.) Vinay Kumar, Principal of the College. While releasing the prospectus, Dr. Anoop proudly announced that established in 1926, DAV College has been committed to the holistic development of the students from the beginning. It is a matter of pride that in the survey conducted by the prestigious magazine India Today, D.A.V. College, Hoshiarpur, has once again registered its name in the list of top positions among colleges in Punjab for B.C.A, 4th for B.A, 5th for B.Sc., and 6th for B.Com. He appealed to the students to join this prestigious institution.



डी.ए.वी कालेज में दाखिले के लिए प्रॉस्पैक्टस जारी

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 28 जून : डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर में नवसत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया संबंधी प्रॉस्पैक्टस जारी कर दिया गया है। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार तथा प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने इसका अनावरण किया। इस अवसर पर कॉलेज रजिस्ट्रार एसोसिएट प्रो. मंजील कुमार, बरसर सहायक प्रो. नवीन कुमार एवं सहायक प्रो. सोनम भाटिया भी मौजूद रहे। प्रॉस्पैक्टस जारी करते डॉ. अनूप ने कहा कि 1926 में स्थापित क्षेत्र का सब से पुराना यह महाविद्यालय प्रारंभ से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध रहा है। गौरव की बात है कि प्रतिष्ठित पत्रिका इंडिया टूडे की ओर से शिक्षण संस्थानों के करवाए गए सर्वेक्षण में डी. ए. वी. कॉलेज होशियारपुर ने पुनः पंजाब राज्य के कॉलेजों में बी. सी. ए. में पहला, बी. ए. में चौथा, बी. एससी. में पांचवां और बी. कॉम. में छठे स्थान पर अपना नाम दर्ज करवाया है। उन्होंने दाखिले के संबंध में छात्र-छात्राओं से क्षेत्र की इस प्रतिष्ठित संस्था से जुड़ने की अपील की। प्रिंसिपल ने बताया कि नए सत्र से नई शिक्षा नीति भी लागू हो रही है। अतः विद्यार्थियों के लिए वैल्यू एडिड कोर्स, स्किल एन्हांसमेंट कोर्स और मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्स के तहत अनेक विषयों का प्रावधान है।

नव सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया संबंधी प्रॉस्पैक्टस जारी करते हुए प्रबंधक।

- Press Coverage of the Result Declared for BCA 6th semester.



# बी.सी.ए. की चाहत पठानिया ने 88.47 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 27 जून : पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की ओर से मई 2024 में आयोजित बीसीए छठे सैमेस्टर की परीक्षा के घोषित नतीजों में डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर की चाहत पठानिया ने 2350 में से 2079 (88.47 प्रतिशत ), कनिष्का शर्मा ने 1946 ( 82.81 प्रतिशत ) तथा रवनीत कौर ने 1925 (81.91 प्रतिशत ) अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद तथा स्नातकोत्तर कंप्यूटर एवं एप्लिकेशन विभाग के सभी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन को देते हुए सभी के प्रति तहदिल से आभार प्रकट किया। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिंसिपल श्री डी. एल. आनंद तथा कॉलेज प्राचार्य प्रो डॉ. विनय कुमार ने भी छात्राओं को बधाई देते हुए आने वाले वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ने का आशीर्वाद दिया।

मेधावी छात्राएं।

- DAV College Hoshiarpur ranks among Best Colleges of India
(A Survey Conducted by Prestigious Magazine "India Today")
Maintaining its supremacy among all other colleges of the district, DAV College, Hoshiarpur has figured among the best colleges of the country as per a survey conducted by reputed magazine "India Today". After passing through rigorous quality checks on the parameters of Infrastructure, Faculty, Placement, Research and Exam results, the institution has been ranked at number 1 for BCA Course, number 4 for BA, 5 for B.Sc. and 6 for B.Com.



IV www.punjabkesari.in होशियारपु

# बी.सी.ए. कोर्स में डी.ए.वी. कालेज पुन: पंजाब में पहले स्थान पर

## बी.एस.सी में 5वां व बी.कॉम में हासिल किया छठा स्थान

होशियारपुर, 26 जून (जैन): डी.ए.वी. कालेज ने एक बार पुन: देश के श्रेष्ठ कालेजों की सूची में अपना नाम दर्ज करवा पंजाब राज्य व जिले का नाम रोशन किया है।

संस्था की इस उपलब्धि पर अपार हर्ष प्रकट करते हुए प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि प्रतिष्ठित पत्रिका इंडिया टुडे की ओर से शैक्षणिक संस्थानों के लिए आयोजित इस सर्वेक्षण के लिए बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर, फैकल्टी, प्लेसमैंट, शोध कार्य, परीक्षा परिणाम आदि अनेक मापदंड निर्धारित किए गए थे।

डी.ए.वी. संस्था ने इन मापदंडों पर खरे उतरते हुए बी.सी.ए. कोर्स में पंजाब राज्य में पहला, बी.ए. में चौथा, बी.एस.सी. कोर्स में 5वां और बी.कॉम. में पंजाब राज्य में छठा स्थान प्राप्त किया है।

इस बेहतरीन उपलब्धि साथ ही संस्था को होशियारपुर जिले की सभी शैक्षणिक संस्थाओं में भी पहले स्थान पर शुमार होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

विस्तृत जानकारी देते हुए प्रिंसीपल ने यह भी बताया कि भारत की विभिन्न संस्थाओं ने इस सर्वेक्षण में भाग लिया था। डी.ए.वी. कालेज जिले का पहला ऐसा संस्थान बन गया है, जिसने भारत के श्रेष्ठ संस्थाओं की सूची में सातवीं बार अपना नाम दर्ज कराया है।

प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार ने इस उपलब्धि को संस्था के लिए गौरवमयी क्षण मानते हुए इस का श्रेय शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के परिश्रम को दिया।

विशेष रूप से उन्होंने आई.क्यू.ए.सी. को-आर्डीनेटर एसोसिएट प्रो. टरेसी कोहली तथा उनकी टीम को बधाई का पात्र माना, जिन्होंने इस कार्य को संपन्न करने में सक्रिय भूमिका निभाई।

सचिव डी.एल आनंद ने अपने बधाई संदेश में कहा कि जैसे-जैसे संस्था अपनी शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर हो रही है, वैसे-वैसे ही शैक्षणिक, खेल, प्लेसमैंट सांस्कृतिक गतिविधियों आदि में नई बुलंदियों का निरंतर स्पर्श कर रही है। इसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं।

उन्होंने संस्था के विकास के लिए सभी को इसी प्रकार ही एकजुट होकर कार्य करने की वचनबद्धता प्रकट की।

जानकारी देते प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष डा. अनूप के साथ प्रिं. डा. विनय कुमार व स्टाफ के अन्य सदस्य। (जैन)

- Lecture Series on Innovation, IPR, and Startups on June 18,2024.
  A lecture series on innovation, IPR, and startups was organized by the 'Institution Innovation Council' of D.A.V. College, Hoshiarpur under the guidance of Principal Prof. Dr. Vinay Kumar.



IV www.punjabkesari.in

## डी.ए.वी. कालेज में इनोवेशन व स्टार्टअप विषय पर लेक्चर का आयोजन

कार्यक्रम के मौके मुख्य वक्ताओं के साथ स्टाफ के सदस्य व विद्यार्थी। (जैन)

होशियारपुर, 19 जून (जैन) : डी.ए.वी. कॉलेज के इंस्टीच्यूशन इनोवेशन कौंसलिंग की ओर से इनोवेशन, आई.पी.आर. एवं स्टार्टअप विषय पर लैक्चर का आयोजन प्रि. डा. विनय कुमार के मार्गदर्शन में हुआ।

एम.ओ.ई. इनोवेशन सैल व ए.आई.सी.टी.ई. की ओर से प्रायोजित इस व्याख्यान श्रृंखला का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के बीच नवाचार, उद्यमिता और आई.पी.आर. के बारे में जागरूकता और कौशल पैदा करना था।

पहले सत्र का संचालन पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की पेटैंट एजैंट एवं फैसिलिटेटर दिव्या कौशिक द्वारा किया गया। ऑनलाइन चले इस सत्र दौरान उन्होंने छात्रों को आई.पी.आर. पेटैंट, कॉपीराइट, ट्रेड मार्क, औद्योगिक डिजाइन और व्यापार रहस्यों को शामिल करते हुए आई.पी.आर. के बहुमुखी क्षेत्रों संबंधी विस्तृत जानकारी दी।

साथ ही आई.पी.आर. के लिए आवेदन करने के लिए योग्यता मानदंड, आवेदन की विस्तृत प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला। इस सत्र का समापन विद्यार्थियों के प्रश्नों के साथ हुआ।

ऑफ लाइन चले दूसरे सत्र दौरान डा. आशीष अरोड़ा, विभागाध्यक्ष यूनिवर्सिटी बिजनैस स्कूल, जी.एन.डी.यू. कैंपस, जालंधर ने बतौर मुख्य वक्ता रूप में संस्था में शिरकत कर स्टार्टअप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही व्यवसाय शुरू करने, वित्त पोषण की बुनियादी आवश्यकताएं, ऋण प्राप्ति के लिए आवेदन, बाजार सर्वेक्षण के माध्यम से नए व्यवसायिक विचार खोजने आदि पर उदाहरणों सहित अपने विचार सांझे किए।

सारगर्भित एवं प्रेरणादायक व्याख्यानों के लिए प्रिंसीपल ने दोनों वक्ताओं की विषय पर गहरी पैठ होने की प्रशंसा की।




- College observes International Day for Biological Diversity & World Environment Day 2024.



## पर्यावरण सुरक्षा का मुद्दा आज विश्व की चिंता का विषय : डा. ओंकार सिंह

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 7 जून : पंजाब जैव विविधता बोर्ड के सौजन्य से डी. वी. कॉलेज, होशियारपुर में प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार के मार्गदर्शन में जैव विविधता के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस 2024 और विश्व पर्यावरण दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार तथा पर्यावरण शिक्षा कार्यक्रम के तहत पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की ओर से समर्थित इस दिवस पर व्याख्यान देने के लिए पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के जूलॉजी विभाग से डॉ. ओंकार सिंह ने शिरकत कर वातावरण संरक्षण पर अपने विचार रखे। प्रिंसीपल सर ने पर्यावरण की समुचित सुरक्षा के अभाव में विकास की क्षति पर चिंता जताई। उन्होंने सभी से वातावरण के संरक्षण का आह्वान किया। मुख्य वक्ता डॉ. ओंकार सिंह ने पर्यावरण को विकृत एवं दूषित बनाने वाली समस्त स्थितियों तथा कारणों के लिए मानव को उत्तरदायी मानते हुए कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से तमाम योजनाओं का श्रीगणेश होने पर भी मानव की उपभोग करने की प्रवृत्ति कारण सभी योजनाएं दम तोड़ रहीं हैं। इस प्रकार पर्यावरण सुरक्षा का मुद्दा आज विश्व की चिंता का विषय है। साथ ही उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग के बुरे प्रभावों से मुक्ति के लिए तथा लुप्त हो रहीं प्रजातियों को बचाने के लिए इस दिवस को मनाने के मायने गहराई से समझने के लिए सचेत और प्रोत्साहित किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार तथा सचिव डी.एल. आनंद ने पर्यावरण की सुरक्षा विकास का एक अनिवार्य भाग मानते हुए सभी को पर्यावरण के बचाव के कार्यभार को प्राथमिकता के स्तर पर करने के लिए कहा। इस अवसर पर वाइस प्रिंसीपल एसोसिएट प्रो. डॉ. राजीव शर्मा, एन.एस.एस. यूनिट के इंचार्ज डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. राहुल कालिया, सहायक प्रो. रीना सहोता, मैडम शैफाली, मैडम दीपशिखा तथा मैडम अंकिता ने की सक्रिय भागीदारी रही।

विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की तस्वीर।



- Sh. Sanjiv Arora IFS visited DAV College and interacted with Students.



# विदेश मंत्रालय के पूर्व सचिव संजीव अरोड़ा ने किया डी.ए.वी. कालेज का दौरा

- मां प्रो. पुष्पलता अरोड़ा की कर्मभूमि को किया नमन

होशियारपुर, 23 मई (जैन) : केंद्रीय विदेश मंत्रालय में सचिव रहे रिटा. आई.एफ.एस. अधिकारी संजीव अरोड़ा ने डी.ए.वी. कालेज का दौरा किया। बता दें कि इनकी माता प्रो. पुष्पलता अरोड़ा इसी कालेज में लंबे समय तक प्राध्यापक रही हैं तथा उन्होंने डी.ए.वी. गर्ल्ज सैक्शन में बतौर इंचार्ज भी अपनी सेवाएं प्रदान की।

कालेज में विद्यार्थियों से रू-ब-रू होते हुए अरोड़ा ने कहा कि कोई भी लक्ष्य बिना संघर्ष और मेहनत के प्राप्त नहीं किया जा सकता। सुनहरे सपने को साकार करने के लिए पुरुषार्थ की भट्ठी में तप कर ही जीवन का आनंद केवल कर्मवीर ही उठाते हैं। इसलिए उपयुक्त लक्ष्य का चुनाव करना चाहिए, जो स्वयं को रोशन करे। संजीव अरोड़ा के बड़े भाई सुनील अरोड़ा आई.ए.एस. देश के मुख्य चुनाव आयुक्त रहे हैं तथा छोटे भाई राजीव अरोड़ा हरियाणा से बतौर एडिशनल चीफ सैक्रेटरी रिटायर हुए हैं। होशियारपुर की इस पावन धरा और अपनी माता की कर्म भूमि पर कदम रख संजीव अरोड़ा के मुख पर विशेष खुशी दिखाई पड़ रही थी।

उन्होंने होशियारपुर में रहते हुए शिक्षा ग्रहण करने के बाद तीनों भाइयों की कामयाबी संबंधी संस्मरण भी विद्यार्थियों के साथ सांझा किए। इस मौके उनके साथ गवर्नमैंट कालेज के रिटा. प्रिं. देशबीर शर्मा भी मौजूद थे। कालेज के प्रिं. डा. विनय कुमार व स्टाफ की तरफ से अरोड़ा का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

कालेज प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार व सचिव डी.एल. आनंद ने कहा कि अरोड़ा बन्धुओं पर डी.ए.वी. संस्थान ही नहीं बल्कि पूरे शहर को गर्व है।

*संजीव अरोड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रिं. डा. विनय कुमार, साथ हैं रिटा. प्रिं. देशबीर शर्मा।* (जैन)



- Induction Meeting with Students and Counselors on may 18,2024.
  DAV College, Hoshiarpur, IGNOU Study Centre 2216 had the honor of welcoming Dr. Manju Goel, Regional Director, IGNOU Khanna for the induction meeting with students and counselors.



- Students visited Incubation Centre at NIT Jalandhar on May 2,2024.
  Institution's Innovation Council, DAV College Hoshiarpur organised a visit to Incubation Centre at NIT, Jalandhar. A group of 25 students from BCA 6th semester accompanied by Assistant Prof. Sonam Bhatia, Assistant Prof. Anjali Jolly and Assistant Prof. Reena Sahota visited the incubation centre.



## डी.ए.वी. कालेज के विद्यार्थियों ने किया एन.आई.टी. जालंधर का दौरा

एन.आई.टी. जालंधर में महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल करते डी.ए.वी. कालेज के विद्यार्थी। (जैन)

होशियारपुर, 6 मई (जैन): इंस्टीच्यूशन इनोवेशन काऊंसिल, डी.ए.वी. कॉलेज ने विद्यार्थियों ने नैशनल इंस्टीच्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी (एन. आई. टी.) जालंधर में इनक्यूबेशन सैंटर का दौरा किया।

कॉलेज के प्रिं. डा. विनय कुमार के दिशा-निर्देश में बी.सी.ए. छठे समैस्टर के 25 छात्रों का एक समूह सहायक प्रो. सोनम भाटिया, सहायक प्रो. अंजलि जॉली और सहायक प्रो. रीना सहोता साथ एन.आई.टी. इन्क्यूबेशन सैंटर पहुंचा। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को बिजनेस इन्क्यूबेटरों के कामकाज के बारे में जानकारी प्रदान करना और उन्हें उद्यमशीलता उपकरणों को तलाशने के लिए प्रेरित करना था।

डा. महेश शाह ने नवाचार और स्टार्टअप अवधारणाओं के बारे में एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया। उन्होंने सफल स्टार्टअप के निर्माण में रचनात्मक सोच और समस्या समाधान के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया। जबकि इलैक्ट्रानिक एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग के डा. सुखविन्द्र सिंह ने छात्र नवप्रवर्तकों और उद्यमियों के लिए उपलब्ध विभिन्न फडिंग योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि स्टार्टअप के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

आवश्यकता है, इस क्षेत्र में नवीन दृष्टिकोण साथ कदम रखने की। सच में यह अकादमिक दौरा उन छात्रों के लिए सीखने का एक शानदार अनुभव था, जो सफल उद्यमी बनना चाहते हैं।




- Farewell party for Outgoing Students.
  Under the directions of Principal Prof. (Dr.) Vinay Kumar and the able guidance of teachers, Students from Commerce, Arts, Science and Computer science streams organised farewell party for outgoing students.



## डी.ए.वी. कालेज में अंतिम समैस्टरों के विद्यार्थियों को दी विदाई

मिस्टर एंड मिस फेयरवैल चयनित विद्यार्थियों के साथ स्टाफ के सदस्य। (जैन)

होशियारपुर, 3 मई (जैन): डी.ए.वी. कॉलेज में सत्र 2023-2024 के आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स तथा कम्प्यूटर साइंस अंतिम समैस्टर के विद्यार्थियों के लिए संयुक्त रूप में भव्य विदाई समागम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने संस्था में बिताए अविस्मरणीय पलों एवं अनुभवों को एक ओर सांझा किया तो दूसरी ओर शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन प्रति आभार प्रकट करने के साथ ही गीत, डांस, मॉडलिंग आदि की पेशकारी से समां बांधे रखा।

प्रिं. डा. विनय कुमार ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणादायक शब्दों साथ शुभकामनाएं देते कहा कि कॉलेज जीवन विद्यार्थी की जिंदगी का एक महत्वपूर्ण चरण होता है। यहां से प्राप्त ज्ञान उनके पूरे जीवन में उपयोगी होता है।

लेकिन साथ ही यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि लक्ष्य निर्धारण से लक्ष्य प्राप्ति तक कड़ी मेहनत ही भविष्य में सफलता की कुंजी है। डी.ए.वी. संस्था अपने स्वर्णिम वर्ष की ओर बढ़ रही है। पूर्ण आशा है कि विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां प्राप्त कर संस्था को सदैव ही गौरवान्वित करेंगे

कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार और सचिव डी.एल. आनंद ने छात्रों को श्रेष्ठ एवं ईमानदार नागरिक बन अपने अभिभावकों, गुरुजनों तथा विद्यालय की आशाओं पर खरा उतरने के लिए आशीर्वाद एवं ढेरों शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित मॉडलिंग प्रतियोगिता में बी.ए. की स्नेहा एवं संयम, बी. एससी. की मनजोत कौर एवं विशाल, बी.सीए. की कनिष्का शर्मा एवं रोहित शर्मा तथा बी. कॉम. की तमन्ना ठाकुर तथा अरमान ने क्रमशः मिस फेयरवैल तथा मिस्टर फेयरवैल का खिताब अपने नाम किया।

- In Panjab University, Chandigarh declared the result of M.A. Political Science 3rd semester, Yashaswi secured first position in the institution. Kiranjot Kaur at the same secured 2nd position. Jaswinder Kaur however stood third.




- In Panjab University, Chandigarh declared result of M.A. History 3rd semester, Simranjeet Kaur secured first position in the institution. Neha at the same secured 2nd position. Mandeep Singh however stood third.



- Webinar on Intellectual Property Rights on April 18,2024.

  Under the able guidance of Principal Prof. (Dr.) Vinay Kumar, the Post Graduate Department of Commerce and Management, in collaboration with the Internal Quality Assurance Cell and Institution's Innovation Council of DAV College, Hoshiarpur, orchestrated a webinar spotlighting Intellectual Property Rights (IPR).



# इंटलैक्चुअल प्रापर्टी राइट्स पर वैबीनार करवाया

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 19 अप्रैल : डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने संस्था के आई. क्यू. ए. सी. तथा इंस्टीच्यूशन इनोवेशन कार्उसिल के सहयोग से इंटलेक्चुअल प्रापर्टी राइट्स पर प्रकाश डालने वाला एक वेबिनार आयोजित किया। जिसमें पंजाब राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक सुश्री दिव्या कौशिक ने मुख्य वक्ता रूप में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने आईपीआर की पेचीदिगयों और एक सामाजिक संपित्त के रूप में इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की। सुश्री कौशिक ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन और व्यापार रहस्यों को शामिल करते हुए आईपीआर के बहुआयामी क्षेत्र पर श्रोताओं को प्रकाश डाला। साथ ही फाइलिंग प्रक्रियाओं की व्यापक समझ प्रदान की और आईपी व्यावसायीकरण को बढ़ावा देने के लिए महत्त्वपूर्ण नीतियों को स्पष्ट किया। विशेष रूप से, उन्होंने आईपीआर और सतत विकास लक्ष्यों के बीच संबंधों को रेखांकित किया तथा अपनी बातों को वास्तविक जीवन के उदाहरणों के साथ विषय को सरलता से समझाया। वाइस प्रिंसिपल डॉ. राजीव शर्मा ने ज्ञानवर्धक सत्र के लिए मैडम दिव्या का आभार व्यक्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार और सचिव श्री डी.एल. आनंद ने कार्यक्रम की सफलता के लिए कॉमर्स विभाग की सराहना की। साथ ही आईपीआर और इसके विभिन्न आयामों पर आवश्यक ज्ञान के प्रसार में इसकी प्रभावशीलता को स्वीकार किया।

- Interaction with Expert on Civil Services Examination Preparation on April 16,2024.

  Under the able guidance of Principal Prof. (Dr.) Vinay Kumar, Competitive Examination Cell of D.A.V. College, Hoshiarpur organised a visit to District Digital Library, Hoshiarpur on 16.4.2024. Dr. Sonu Sharma (Assistant Professor in Chemistry) accompanied Ankit Singh, Akhil Sharma, Nikhil, Manroop Singh, Ranjodh Singh, Puneet, Parveen Kaur, Susheela, Roshni to the Digital Library where they attended an online lecture by Prof. Shubhra Ranjan.



- Online Course on Blended Learning Concepts on April 16,2024.
  DAV College, Hoshiarpur organised an Online Short Term Program on Blended Learning Concepts and Tools in collaboration with Teaching Learning Centre, Ramanujan College, University of Delhi and Nirmala College, MUVATTUPUZHA, Kerala under Malviya Mission Teacher Training Program mandated by Union Minstry of Education from March 30- April 06, 2024. 26 teachers from DAV College, Hoshiarpur successfully completed the course.



## ब्लैंडिड लर्निंग टूल्स पर 26 शिक्षकों ने ऑनलाइन कोर्स पूरा किया

**सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर**

होशियारपुर, 16 अप्रैल : डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर के विभिन्न विभागों के 26 प्राध्यापकों ने सात दिवसीय ब्लैंडिड लर्निंग टूल्स पर हुए ऑनलाइन कोर्स की समाप्ति पर सर्वोत्तम ग्रेड ले कर सर्टीफिकेट प्राप्त किए। प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि संस्था ने हाल ही में टीचिंग लिर्नंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के साथ एम. ओ. यू. साइन किया है। इस कोर्स का आयोजन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्र म के तहत टीचिंग लिर्नंग सेंटर, रामानुजन कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय और निर्मला कॉलेज, मुवत्तुपुझा के सहयोग से किया गया। कोर्स के विभिन्न सत्रों दौरान प्रतिष्ठित और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रवक्ताओं ने आधुनिक शिक्षण पद्धतियों संबंधी विस्तृत जानकारी दी। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव डी. एल.आनंद तथा प्रिंसिपल डॉ. विनय ने सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार शिक्षण की नवीन पद्धतियों को निरंतर सीखते रहेंगे।

- Competitive Examination Cell of D.A.V. College, Hoshiarpur held a Crash Course on coaching for Competitive Examinations from 19/3/24-09/4/ 24.



- Press Coverage of the Result Declared for BA Fifth Semester.



# बी.ए. 5वां समैस्टर, डी.ए.वी. कालेज में स्नेहा अव्वल

होशियारपुर, 10 अप्रैल (जैन): पंजाब द्वारा बी.ए. 5वें समैस्टर के घोषित नतीजों में डी.ए.वी. कॉलेज का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित उक्त परीक्षा में स्नेहा ने 400 में से 297 (74.25 प्रतिशत), गौतम मल्होत्रा ने 365 में से 270 (74 प्रतिशत) तथा कोमलप्रीत कौर ने 400 में से 295 (74 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इस सफलता के लिए छात्रों के अभिभावकों और उनके सभी प्राध्यापकों को बधाई दी।

प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार एवं सचिव सेवानिवृत्त प्रिं. डी.एल. आनंद ने भी अपने बधाई संदेश में विद्यार्थियों को आने वाले वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं भी दीं।

डी.ए.वी. कालेज के मेधावी विद्यार्थी। (जैन)

- D.A.V. College Honored 236 Bright Minds in Prize Distribution Function on April 6,2024.



- Media Coverage of the Result Declared for BA 1st Semester.

दैनिक सवेरा टाइम्स

## बी. ए. पहले सैमेस्टर की रजनी 86.25 प्रतिशत अंक साथ संस्था में प्रथम



सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर(होशियारपुर) : पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की ओर से दिसंबर 2023 को बी. ए. पहले सैमेस्टर के घोषित परिणामों में डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर की रजनी ने 400 में से 345 (86.25 प्रतिशत) परितोष कुमार ने 339 (85 प्रतिशत) तथा हरलीन कौर ने 309 (77.25 प्रतिशत) अंक साथ संस्था में क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव डी. एल.आनंद तथा प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

HOSHIARPUR SAVERA Edition
Apr 5, 2024 Page No. 4

- College is proud of Bhawna Padam who secured 3d position in M.A. Political science 1st Semester in University Examination.

होशियारपुर केसरी

## डी.ए.वी.कॉलेज की भावना विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में तीसरे स्थान पर



मैरिट होल्डर छात्रा भावना। (जैन)

होशियारपुर, 31 मार्च (जैन) : पंजाब विश्वविद्यालय की ओर से स्नातकोत्तर राजनीति शास्त्र के दिसम्बर 2023 को आयोजित पहले समैस्टर के घोषित परिणामों में डी.ए.वी. कॉलेज की भावना ने मैरिट सूची में तीसरा स्थान पाया।

प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में भावना ने 400 में से 349 (87 प्रतिशत) अंक ले कर विश्वविद्यालय की वरीयता सूची में स्थान पा कर संस्था का नाम रोशन किया। इसके लिए वह बधाई की पात्रा है। संस्था को गौरवान्वित करने वाली इस मेधावी छात्रा की उपलब्धि पर अपार खुशी प्रकट करते हुए कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सचिव डी.एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में कहा कि भाग्य के साथ पुरुषार्थ हो, तो सफलता की सीढ़ियां चढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों को भी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसी पर ध्यान केंद्रित करने तथा दृढ़ संकल्प से जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

छात्रा ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमैंट ऑफ पॉलिटिक्ल साइंस के प्राध्यापकों, विभागाध्यक्ष, प्रो. संजीव घई, डा. कुसुम वर्मा, सहायक प्रो. बुलबुल शर्मा तथा डा. रजनी के कुशल मार्गदर्शन को दिया।

- Awareness Campaign for New Voters on March 28,2024.
  Under the dynamic leadership of Principal Prof. (Dr.) Vinay Kumar, "Mera Pahla Vote Desh Ke Liye_ " awareness campaign was organized at DAV College Hoshiarpur by the Sociological Forum Society of the college in collaboration with IQAC.



**डी.ए.वी. कॉलेज में 'मेरा पहला वोट देश के लिए' संबंधी जागरूकता अभियान आयोजित**

होशियारपुर, 30 मार्च (जैन) : डी.ए.वी. कॉलेज के सोशियालॉजिकल फोरम सोसायटी व समाज शास्त्र विभाग की ओर से संस्था के आतंरिक गुणवत्ता मूल्यांकन सैल के सौजन्य से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय तथा मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स की ओर से चुनावों में युवा की सार्वजनिक प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया। प्रिंसीपल ने विद्यार्थियों को लोकसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में निडर होकर वोट डालने के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर लगभग 42 विद्यार्थियों ने सहायक प्रो. रीना सहोता के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों-ऑडियो और वीडियो स्क्रीनिंग्स, गीत, स्लोगन और प्रेरक शब्दों के माध्यम से मतदाताओं को बड़ी संख्या में बाहर आने और देश के विकास के लिए वोट के माध्यम से विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित किया।

कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार तथा सचिव डी.एल. आनंद ने भी विद्यार्थियों को अपनी वोट का सही प्रयोग करने के लिए सजग किया।

कार्यक्रम के मौके प्रिं.डा. विनय कुमार के साथ विद्यार्थी। (जैन)



- Life-Saving Blood Donation Drive in DAV College, Hoshiarpur on March 28,2024.
  Life-Saving Blood Donation Drive in DAV College, Hoshiarpur
  (There is a need to dispel misconceptions about blood donation - Dr. Naresh Sood )
  Under the leadership of College Principal Prof. (Dr.) Vinay Kumar, Red Ribbon Club, NCC Wing, Youth Welfare Club and NSS Unit organized a blood donation camp in collaboration with the Indian Medical Association. Dr. Naresh Sood graced the occasion as the chief guest.



**डी.ए.वी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया रक्तदान**

**रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने की जरूरत : डा. नरेश सूद**

होशियारपुर, 28 मार्च (जैन): डी.ए.वी. कॉलेज के रैड रिबन क्लब, एन.सी.सी. विंग, यूथ वैल्फेयर क्लब एवं एन.एस.एस. इकाई की ओर से प्रिं. डा. विनय कुमार के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इंडियन मैडीकल एसोसिएशन के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में मुख्यातिथि डा. नरेश सूद ने शिरकत कर युवा वर्ग की हौसला अफजाही की। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रक्तदान किया।

एक रक्तदानी को सम्मानित करते प्रिं. डा. विनय कुमार के साथ डा. नरेश सूद, प्रो. कमलजीत कौर व अन्य। (जैन)

रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि पीड़ितों की सेवा से बढ़कर कोई दान नहीं है। इसके महत्व का अहसास हमें तब होता है, जब हमारा कोई निकटतम व्यक्ति जिंदगी और मौत के बीच में जूझ रहा होता है।

कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों कारण इसे देने में गुरेज करते हैं। जबकि 18 से अधिक आयु के लोग जिनका वजन 50 किलोग्राम से अधिक है, वे रक्तदान दे सकते हैं। रक्तदान से सबसे बड़ा लाभ यह है कि हमारे शरीर का वजन, ब्लड प्रैशर, हीमोग्लोबिन, मलेरिया, एच.सी.एस.ए.जी., एच.सी.वी., वी.डी.आर.एल. आदि जांच हो जाती हैं।

प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि इस शिविर में बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रूप से छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम संयोजक प्रो. कमलजीत कौर, प्रो. मंजील कुमार, प्रो. विशाल शर्मा, डा. इंद्रजीत सिंह, डा. अमन बाहरी, डा. मुख्तार सिंह, डा. प्रदीप कौर, अंजलि जॉली व गीतू अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर करीब 45 यूनिट रक्तदान किया गया।

कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार व सचिव डी.एल आनंद ने विद्यार्थियों को भविष्य में भी सदैव रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



- Press Coverage of the Result Declared for B.Sc. First Semester.

# बी.एससी. पहले सैमेस्टर की सेजल 80 प्रतिशत अंक साथ संस्था में प्रथम

**सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर**

होशियारपुर, 26 मार्च : पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की ओर से दिसम्बर 2023 में आयोजित बी.एससी. पहले सैमेस्टर के घोषित नतीजों में डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर का परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में सेजल भाटिया ने 80 प्रतिशत, आंचल सैनी ने 72 प्रतिशत तथा यदुनंदन शर्मा ने 68.42 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के लिए उनके माता-पिता और साइंस विभाग के स शिक्षक बधाई के पात्र हैं। कॉले प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अ



कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्राचा डी. एल. आनंद ने अपने बधाई संदे में विद्यार्थियों को आगामी वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ि चढ़ने का आशीर्वाद देते हुए उन उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सा शुभकामनाएं भेजीं।

HOSHIARPUR SAVERA Edition
Mar 27, 2024 Page No. 2

- DAV College Hoshiarpur Pays Tribute to Shaheed Bhagat Singh on March 23,2024.

# डी.ए.वी. कालेज में शहीदी दिवस को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन

## रैली निकाल आम लोगों को नशों से दूर रहने को किया प्रेरित

होशियारपुर, 23 मार्च (जैन): डायरैक्टर डी.पी.आई. कालेज के दिशा-निर्देश, प्रिं. डा. विनय कुमार के कुशल नेतृत्व एवं अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रो. पूजा विशिष्ट के मार्गदर्शन में डी.ए.वी. कॉलेज के यूथ वैल्फेयर क्लब, एन.सी.सी. विंग व एन.एस.एस. इकाई द्वारा जंग-ए-आजादी के नायक शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जीवन एवं विचारधारा पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यार्थियों ने एक रैली निकाल कर आम लोगों को शहीद भगत सिंह के विचारों की रक्षा करने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद गीतों, कविताओं और भाषणों के माध्यम से रूढ़ीवादी सोच को मानवता के हित के लिए घातक मानने वाले विचारक, बुलंद हौसले वाले भगत सिंह के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों ने उनके सहयोगी राजगुरु और सुखदेव वीर सैनानियों की शहादत को भी याद कर श्रद्धा-सुमन अर्पित\ किए।

सायंकाल को शहीद भगत सिंह के जीवन के पहलुओं पर आयोजित वेबीनार में राजकीय महाविद्यालय भुल्लथ से इतिहास विभाग के सहायक प्रो. विजय शंकर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करते हुए छात्रों को भगत सिंह के धर्म, राजनीति और व्यक्तिवादी विचारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मातृभूमि के प्रति अथाह प्रेम और 1931 में छोटी उम्र में ही हंसते- हंसते मौत का आलिंगन करने वाले भगतसिंह को वक्ता ने स्टूडैंट ऑफ द कंट्री की उपाधि देकर श्रद्धांजलि दी। छात्रों ने सभी गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज प्रबंधक समिति अध्यक्ष डा. अनूप कुमार और सचिव डी.एल. आनंद ने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उनसे भविष्य में भी ऐसी पहल करते रहने का आग्रह किया। गतिविधियों को सफल बनाने के लिए प्रो. अनिल कुमार, डा. अमन बाहरी, डा. इंद्रजीत सिंह, डा. मुख्तार सिंह, आरती शर्मा एवं संजीव मलिक ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।




कार्यक्रम के मौके प्रिं. डा. विनय कुमार, स्टाफ के सदस्य तथा विद्यार्थी शहीदों को समर्पित जयघोष करते हुए। (जैन)



- Media Coverage of the Result Declared for M.Sc. (IT) Third Semester.



होशियारपुर केसरी

**एम.एससी. (आई.टी.) का परिणाम, डी.ए.वी. कालेज में जूपिन्द्र प्रथम**

होशियारपुर, 22 मार्च (जैन): डी.ए.वी. कॉलिज का एम.एससी. (आई.टी.) तीसरे समैस्टर का परिणाम शानदार रहा। इस अवसर पर प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि पंजाब यूनिवर्सिटी द्वारा घोषित परिणाम में जूपिन्द्र कौर ने 78.53 प्रतिशत रिया शर्मा ने 76.05 प्रतिशत तथा कमलप्रीत कौर ने 75.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके माता-पिता तथा प्राध्यापकों को बधाई दी।

महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सचिव डी.एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में कहा कि कड़ी मेहनत से ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और स्नातकोत्तर कम्प्यूटर साइंस और एप्लिकेशन विभाग के सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया।

डी.ए.वी. कालेज की मेधावी छात्राएं। (जैन)

- Shivani Stood First in M.A. Punjabi First Semester.



- Media Coverage of the Result Declared for M.Com. First Semester.



## एम . कॉम . पहला समैस्टर, डी .ए .वी . कालेज में सेजल प्रथम

होशियारपुर, 16 मार्च (जैन) : पंजाब विश्वविद्यालय की ओर से घोषित एम. कॉम. पहले समैस्टर के परिणाम में डी.ए.वी. कॉलेज की सेजल बतरा ने 79.9 प्रतिशत अंक ले संस्था में पहला स्थान हासिल किया। इसी कक्षा की पायल तथा सिमरनजीत कौर 75 प्रतिशत अंक ले कर संयुक्त रूप में दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि आशमन शर्मा 73.8 प्रतिशत अंक साथ तीसरे स्थान पर रहा।

कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सेवानिवृत्त प्रिंसीपल एवं सचिव डी. एल. आनंद तथा प्रिं. डा. विनय कुमार ने मेधावी विद्यार्थियों, उनके माता-पिता तथा प्राध्यापकों को हार्दिक बधाई दी। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को कड़ी मेहनत एवं दृढ़ संकल्प द्वारा जीवन के हर क्षेत्र में ऊंचाइयों का स्पर्श करने के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमैंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमैंट के सभी प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन प्रति आभार व्यक्त किया।

डी.ए.वी. कालेज के मेधावी विद्यार्थी। (जैन)

- Students Stage Empowering Nukkad Natak to Commemorate World Consumer Rights Day on March 15,2024.
  In commemoration of World Consumer Rights Day, the Post Graduate Department of Commerce and Management orchestrated a compelling ' Nukkad Natak_ ', aimed at fostering global awareness regarding consumer rights and safeguarding individuals against unfair and restrictive trade practices.



- Press Coverage of the Result Declared for [M.Com.]() Third Semester.



ਡੀ.ਏ.ਵੀ. ਕਾਲਜ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦੀਆਂ ਹੋਣਹਾਰ ਵਿਦਿਆਰਥਣਾਂ।

# ਐਮ.ਕਾਮ. ਤੀਸਰੇ ਸਮੈਸਟਰ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਸ਼ਾਨਦਾਰ

ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ, 15 ਮਾਰਚ (ਬਲਜਿੰਦਰਪਾਲ ਸਿੰਘ)-ਪੰਜਾਬ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਲੋਂ ਐਮ.ਕਾਮ. ਤੀਜੇ ਸਮੈਸਟਰ ਦੇ ਐਲਾਨੇ ਨਤੀਜੇ 'ਚ ਡੀ.ਏ.ਵੀ. ਕਾਲਜ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਰਿਹਾ। ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਡਾ: ਵਿਨੈ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਪ੍ਰਿਆ ਭਾਰਦਵਾਜ 79.24 ਫ਼ੀਸਦੀ ਅੰਕ ਲੈ ਕੇ ਸੰਸਥਾ 'ਚੋਂ ਪਹਿਲਾ, ਅਮਨਦੀਪ ਕੌਰ ਨੇ 77.57 ਫ਼ੀਸਦੀ ਅੰਕ ਲੈ ਕੇ ਦੂਜਾ ਤੇ ਈਸ਼ਾ ਦੇਵੀ ਨੇ 76.9 ਫ਼ੀਸਦੀ ਅੰਕ ਲੈ ਕੇ ਤੀਜਾ ਸਥਾਨ ਹਾਸਲ ਕੀਤਾ। ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਚੇਅਰਮੈਨ ਡਾ: ਅਨੂਪ ਕੁਮਾਰ, ਸਕੱਤਰ ਡੀ.ਐਲ. ਆਨੰਦ ਅਤੇ ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਡਾ. ਵਿਨੈ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਹੋਣਹਾਰ ਵਿਦਿਆਰਥਣਾਂ ਨੂੰ ਵਧਾਈ ਦਿੱਤੀ।

- Prinkaya Stood First in BBA Fifth Semester on march 15,2024



- Media Coverage of the Result Declared for PGDCA First Semester.

## पी.जी.डी सी.ए. पहले सैमेस्टर का मनिंदर सिंह संस्था में रहा प्रथम



**सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर (होशियारपुर)** : पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की ओर से दिसंबर 2023 में आयोजित पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लिकेशन पहले सैमेस्टर के घोषित परिणाम में डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर के मनिंदर सिंह ने 450 में से 346 (76.9 प्रतिशत), गुरप्रीत कौर ने 330 (73.33 प्रतिशत) तथा अभिषेक ने 318 (70.7 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिंसीपल डी. एल. आनंद तथा प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने मेधावी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड एप्लिकेशन के सभी शिक्षकों को बधाई दी।

- Press Coverage of the Result Declared for M.Sc. (IT) First Semester on march 13,2024

## एम.एससी. (आईटी) की प्रिया 79 प्रतिशत अंक लेकर संस्था में प्रथम

**सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर**

होशियारपुर, 13 मार्चः डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर का एम.एससी. (आईटी) पहले सैमेस्टर का परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा दिसंबर 2023 में आयोजित उक्त परीक्षा के घोषित परिणाम में प्रिया ने 79 प्रतिशत, रंजना देवी ने 75.50 प्रतिशत तथा दक्षा जैन ने 75.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः पहला, दूसरा तथा तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके माता-पिता तथा प्राध्यापकों को बधाई दी। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव डी.एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में कहा कि कड़ी मेहनत से ही जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद और स्नातकोत्तर कंप्यूटर साइंस और एप्लिकेशन विभाग के सभी शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया।



मेधावी छात्राएं।

HOSHIARPUR SAVERA Edition
Mar 14, 2024 Page No. 4

**13march(ma result)**

- Sumita Devi Stood First in M.A. Punjabi Third Semester on march 13,2024.




- Media Coverage of the Result Declared for B.Sc Third Semester on march 13,2024.



**बीएससी तीसरे सेमेस्टर की नगिता 87.2 अंक से प्रथम**

होशियारपुर | पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ ने दिसंबर 2023 में आयोजित बीएससी तीसरे सेमेस्टर के घोषित नतीजों में डीएवी कॉलेज का परिणाम शानदार रहा। डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में नगिता देवी ने 87.2%, अंकिता ने 81.9% तथा इनाक्षी ने 75.9% अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिंसिपल डीएल आनंद ने उनकी प्रशंसा की।

- Press Coverage of the Result Declared for BA Third Semester on march 11,2024



दैनिक सवेरा टाइम्स

# बी.ए. की महक ने संस्था में पाया प्रथम स्थान

मेधावी छात्राएं।

**सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर**

होशियारपुर, 11 मार्चः पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ द्वारा बी.ए. तीसरे सैमेस्टर के घोषित नतीजों में डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनय कुमार ने बताया कि दिसंबर 2023 में आयोजित उक्त परीक्षा में महक ने 79.50 प्रतिशत, सिमरनजीत कौर ने 76.50 प्रतिशत तथा हरप्रीत वालिया और राजदीप ने 73.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इस सफलता के लिए छात्रों के माता-पिता और उनके सभी शिक्षकों को बधाई दी। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार एवं सचिव सेवानिवृत्त प्रिंसीपल डी. एल. आनंद ने भी अपने बधाई संदेश में विद्यार्थियों को आने वाले वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आशीर्वाद दिया।

HOSHIARPUR SAVERA Edition
Mar 12, 2024 Page No. 3

- Annual Athletic Meet at DAV College Hoshiarpur on March 9,2024.
In Hoshiarpur, the vibrant atmosphere of DAV College came alive as it hosted the 15th Principal Pt. Rala Ram Memorial Annual Athletic Meet, under the esteemed patronage of College Managing Committee President Dr. Anoop Kumar and Secretary Sh. DL Anand. Advocate Sh. D.M. Sharma, a distinguished Member of the Managing Committee, graced the occasion as the Chief Guest.



# डी.ए.वी. कॉलेज होशियारपुर में 15वीं एथलैटिक मीट का आयोजन

HOSHIARPUR SAVERA Edition
Mar 10, 2024 Page No. 3



- Final Match of DPL at DAV College Hoshiarpur on March 7,2024.
  In the series of sports events organized by the Sports Department of DAV College Hoshiarpur, the final cricket match of the 1st DAV Premier League (DPL) was held under the supervision of the college principal, Prof. (Dr.) Vinay Kumar.



# आट्र्स किंग्स ने कॉमर्स सुपर किंग्स को 47 रन से दी मात

खिलाड़ियों के साथ व खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 7 मार्चः डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनय कुमार के दिशा-निर्देश में संस्था के विभिन्न संकायों साइंस और आट्र्स ग्रुप तथा कॉमर्स और कंप्यूटर साइंस के मध्य चल रहे क्रिकेट मैच में पहले दिन की विजेता रहे कॉमर्स सुपरकिंग्स तथा आट्र्स किंग्स के मध्य हुआ फाइनल मैच काफी रोमांचक रहा। मुख्यातिथि मनोज कपूर (कॉलेज प्रबंधक समिति के सदस्य एवं डॉयरेक्टर, ट्रिपल एम्म) खिलाड़ियों

**• खेल भावना हार की स्थिति में भी प्रसन्नता का संचार करती है : मनोज कपूर**

की हौसला अफजाही करने के लिए विशेष रूप से संस्था में पहुंचे। अपनी पूर्ण तैयारी तथा रणनीति साथ दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान में उतरे।

कॉमर्स सुपरकिंग्स ने टॉस जीत कर आट्र्स किंग्स को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आट्र्स किंग्स ने मैदान के चारों ओर चौके - छक्के की बौछार करते हुए अपनी विरोधी टीम को आठ ओवर में 83 रनों का विराट लक्ष्य दिया। पर कॉमर्स सुपर किंग्स की सारी टीम 36 रनों के आंकड़े में ही सिमट कर रह गई।

विजेता टीम को बधाई देते हुए और सभी खिलाड़ियों में खेल भावना को प्रोत्साहित करते हुए मनोज कपूर ने कहा कि खेल के मैदान में हार- जीत मायने नहीं रखती, अपितु प्रतियोगिता में भाग लेना और भाईचारे की भावना से खेलना ही आप की जीत को दर्शाता है। उन्होंने मैच दौरान खिलाड़ी मनजोत और अखिल की बल्लेबाजी की सराहना की, वही बेहतरीन मैच कमेंट्री कर मैच में ओर रंग भरने के लिए सहायक प्रो. डॉ. मुख्तार सिंह की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। अंत में विजेता टीम को मुख्यातिथि, प्रिंसिपल सर, वाइस प्रिंसिपल राजीव शर्मा, रजिस्ट्रार एसोसिएट प्रो. मंजील कुमार, प्रो. गुरविंदर कौर, विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एवं स्पोर्ट्स, सहायक प्रो. डॉ. राहुल कालिया तथा विनोद कुमार ने ट्राफी दे कर सम्मानित किया।

HOSHIARPUR SAVERA Edition
Mar 8, 2024 Page No. 4

- Cricket Tournament at DAV College Hoshiarpur on March 6,2024.
  In the series of sports events organized by the Sports Department of DAV College Hoshiarpur, cricket matches were held under the supervision of the college Principal, Prof. (Dr.) Vinay Kumar.




# डी.ए.वी. कॉलेज होशियारपुर में क्रिकेट प्रीमियम लीग की शुरूआत

खिलाड़ियों के साथ गणमान्य।

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 6 मार्चः डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर में प्रिंसिपल प्रो. डॉ. विनय कुमार के दिशा-निर्देश से दो दिवसीय क्रिकेट प्रीमियम लीग शुरू हुई। पहले दिन पहला मैच कॉमर्स सुपर किंग्स और कंप्यूटर वॉरियर्स के बीच खेला गया और दूसरा मैच साइंस रिकॉर्ड ब्रोकर्स और आट्र्स किंग्स के बीच खेला गया। पहले मैच में कॉमर्स सुपर किंग्स ने कड़े मुकाबले में तीन रनों से जीत हासिल की जबकि आट्र्स किंग्स ने दूसरे मैच में साइंस रिकॉर्ड ब्रोकर्स को एकतरफा हराते हुए निर्धारित 54 रन का लक्ष्य तीन ओवर में ही पूरा कर लिया। फाइनल मैच वीरवार 7 मार्च को कॉमर्स सुपर किंग्स और आट्र्स किंग्स के बीच खेला जाएगा। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार एवं सचिव डी. एल आनंद ने विजेता टीमों को बधाई दी और फाइनल मैच के लिए शुभकामनाएं दीं। मैच के दौरान शिक्षा विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रो. गुरविंदर कौर, सहायक प्रो. डॉ. राहुल कालिया एवं श्री विनोद के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

- Poster-Making Competition for Traffic Awareness on March 4,2024.




- Poster Making Competition on ' _Mera Pahla Vote Desh Ke Liye_' on March 4,2024.
  Following the directives of the Ministry of Education in collaboration with the Ministry of Youth Affairs.



- Press Coverage of the Result Declared for B.Sc. Fifth Semester.



## बी.एससी. 5वां समैस्टर, डी.ए.वी. कालेज में निवेदिता प्रथम

होशियारपुर, 4 मार्च (जैन) पंजाब यूनिवर्सिटी की ओर से दिसंबर 2023 में आयोजित बी.एससी. 5वें समैस्टर के घोषित नतीजों में डी.ए.वी. कॉलेज का परिणाम शानदार रहा।

प्रिं. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में निवेदिता ने 85.60 प्रतिशत, जसलीन ने 78.40 प्रतिशत तथा प्रीति वर्मा ने 77.82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमश: पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के लिए उनके माता-पिता और साइंस विभाग के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिं. डी. एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में विद्यार्थियों को आगामी वर्षों में भी कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं भेजीं।

*डी.ए.वी. कालेज की मेधावी छात्राएं।* (जैन)

- Media Coverage and Glimpses of ICSSR - Sponsored National Seminar organised by Department of Economics on _'Promotion of Economic Empowerment and Entrepreneurship Development amongst Women in Crafts Sector in North-Western India' on March 2,2024.



IV www.punjabkesari.in होशियारपुर केसरी

## डी.ए.वी. कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी, विद्यार्थियों से रू-ब-रू हुए माहिर

होशियारपुर, 2 मार्च (जैन): डी.ए.वी. कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से आई.सी.एस.एस.आर. के तत्वावधान में प्रायोजित प्रमोशन ऑफ इक्नॉमिक एम्पावरमैंट एंड एंटरप्रन्योरशिप डिवैल्पमैंट अमंग्सट वुमन इन क्रॉफ्ट सैक्टर इन नॉर्थ-वैस्टर्न इंडिया पर संपन्न हुई एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी नए आयामों को छू गई।

संगोष्ठी में अध्यक्षीय भाषण आई.एम.जे.एस. सिद्धू (अध्यक्ष एवं डायरैक्टर, वर्धमान टैक्सटाइल लिमिटेड), विशेष वार्ता तरुण चावला (डायरैक्टर वर्धमान यार्न्स एंड थ्रैड्स) तथा विशेष वक्तव्य डॉ. संजीव गुप्ता (डीन, स्कूल ऑफ कामर्स एंड मैनेजमैंट, सैंट्रल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश) की ओर से दिया गया।

इससे पूर्व कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार तथा प्रिं. डॉ. विनय कुमार ने औपचारिक रूप से सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। परमजीत सिंह परमार (विशेषज्ञ सड़क सुरक्षा, मुम्बई), प्रिं. डी.एल. आनंद सचिव, आर.एम. भल्ला, वाई.पी. जोशी की उपस्थिति भी सराहनीय रही। विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र एवं संगोष्ठी संयोजक डॉ. वर्षा महिंद्रा ने सैमीनार के विषय एवं उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी के विषय संबंधी अपने वक्तव्य में तरुण चावला ने कहा कि संगोष्ठी का शीर्षक वर्तमान परिदृश्य में सबसे शक्तिशाली और प्रासंगिक विषयों में से एक है, जिसमें विभिन्न शिल्प क्षेत्रों में कार्यरत विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं पर मुख्य जोर दिया गया है। आई.एम.जे. सिद्धू ने अपने वक्तव्य में लैंगिक समानता हासिल करने के लिए महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण सबसे बुनियादी घटकों में से एक मानते हुए इस बात पर बल दिया कि महिलाओं में अपने उद्देश्यों के बारे में अधिक दृढ़ और स्थिर होने की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है।

देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महिला उद्यमियों की भागीदारी को प्रभावी ढंग से बढ़ाने के लिए सभी विकल्पों और संभावनाओं को तलाशने का प्रयास किया जाना चाहिए। यद्यपि महिला उद्यमिता को ऊपर उठाने के लिए, सरकार ने पहले ही विभिन्न नीतियां, रूपरेखाएं और पहल शुरू कर दी हैं, फिर भी इन सबके बावजूद, महिलाओं का प्रतिनिधित्व अभी भी कम है। यदि भारत को अपनी जी. डी. पी. बढ़ानी है तो हर सैक्टर में 50 प्रतिशत स्त्रियों की भागीदारी अवश्य है।

विशेष वक्तव्य देते हुए डॉ. सुनील गुप्ता ने भारत को क्रॉफ्ट उद्योग की रीढ़ की हड्डी मानते हुए कहा कि वैदिक काल में नारी एंटरप्रन्योर रूप में सक्षम थी। समय के परिवर्तन साथ कुछ चुनौतियों का सामना उसे अवश्य करना पड़ा पर उस को पुन: सशक्त करने में ई- कॉमर्स ने सशक्त भूमिका निभाई है। आज शिल्प उद्योग में महिलाओं की भागीदारी का गहरा सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व है।

इस अवसर पर संगोष्ठी सोविनियर जारी किया गया। साथ ही संस्था के सैल्फ हैल्प ग्रुप शक्ति युवा की ओर से क्रॉफ्ट वस्तुओं का लगाया गया डी.ए.वी. बाजार भी आकर्षण का केंद्र रहा।

समापन समारोह की अध्यक्षता डॉ. कुलविंदर सिंह (पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़) ने करते हुए कहा कि विषय से संबंधित संगोष्ठी में विभिन्न मुद्दों को छूने के बाद अवश्य ही अपेक्षित परिणाम एक बड़ा बदलाव लाएगा, जिस से महिलाएं गौरवान्वित उद्यमी बन सकेंगी। मंच का संचालन का कार्यभार एसोसिएट प्रो. कपिल चोपड़ा ने बखूबी निभाया। सैमीनार की रिपोर्ट डॉ. सपना शर्मा ने प्रस्तुत की। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजीव शर्मा ने किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

*संगोष्ठी की शुरूआत पर शमां रोशन के मौके विशिष्ट मेहमानों के साथ कालेज के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार व प्रिं. डा. विनय कुमार।* (जैन)



- To mark National Science Day, on 28 February_ Poster Making Competition was organised by _C V Raman Society in_ collaboration with _Institution's Innovative Council, DAV_ College Hoshiarpur.



# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर डी.ए.वी. कालेज में पोस्टर मेकिंग मुकाबले आयोजित

होशियारपुर, 28 फरवरी (जैन): इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल डी.ए.वी. कालेज के तत्वाधान में संस्था की सी.वी. रमन सोसायटी की ओर से राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिस में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए भारतीय वैज्ञानिकों का समाज को योगदान विषय पर पोस्टर तैयार किए। सी.वी. रमन, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, जगदीश चंद्र बोस, कमला सोहोनी, टेसी थॉमस, अम्मा मणि पर तैयार पोस्टर आकर्षण का केंद्र बने। सभी पोस्टरों का मूल्यांकन प्रो. चंद्रकांता सिलही, विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान तथा सहायक प्रो. डॉ. सोनू शर्मा ने किया।

अपने संबोधन में प्रिं. डॉ. विनय कुमार ने कहा कि इस दिन को मनाने का मकसद दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्त्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और समाज में अपना यथासंभव योगदान देते रहने के लिए के लिए कहा। प्रतियोगिता में प्रीति वर्मा ने पहला, दीपक कुमार ने दूसरा और सुहानी ने तीसरा स्थान हासिल किया। एसोसिएट प्रो. कमलजीत कौर, विशाल शर्मा विभागाध्यक्ष फिजिक्स, मंजील कुमार विभागाध्यक्ष मैथ्यमैटिक्स, सहायक प्रो. डॉ. दिग्विजय सिंह, सुबोधकांत लट्ठ, संदीप चौधरी एवं सरवन कुमार ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार तथा सचिव डी.एल. आनंद ने अपने संदेश में सभी प्रतिभागियों को वैश्विक समस्याओं का हल विज्ञान एवं वैज्ञानिक सोच से निकालने के लिए प्रोत्साहित किया।

*तैयार किए गए पोस्टर थामे विद्यार्थियों के साथ प्रिं. डा. विनय कुमार व स्टाफ के अन्य सदस्य।* (जैन)




- Press Coverage of the Result Declared for BCA 1st Semester.



# बीसीए. प्रथम सैमेस्टर की अपिंदर कौर 80.25 प्रतिशत अंक साथ संस्था में प्रथम

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 27 फरवरी : पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ की ओर से में दिसंबर 2023 में आयोजित बी. सी. ए. प्रथम सैमेस्टर के घोषित नतीजों में डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर का परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में अपिंदर कौर ने 400 में से 321 (80.25 प्रतिशत), सिमरनजीत कौर ने 316 (79 प्रतिशत) तथा मनप्रीत सिंह ने 315 (78.75 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के लिए उनके माता-पिता और स्नातकोत्तर कंप्यूटर साइंस एव एप्लिकेशन विभाग के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य डी.एल. आनंद ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

मेधावी विद्यार्थी।

- Media Coverage of the Result Declared for B.Com. 3rd Semester.



# बी. कॉम. तीसरे समैस्टर की अवनि मुंजाल 86.83 प्रतिशत अंक साथ संस्था में प्रथम

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 26 फरवरी : पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की ओर से दिसंबर 2023 को बी. कॉम. तीसरे समैस्टर के घोषित परिणामों में डी. ए. वी. कॉलेज होशियारपुर की अवनि मुंजाल ने 600 में से 521 (86.83 प्रतिशत) अंक लेकर संस्था में पहला स्थान हासिल किया। इसी कक्षा की प्रभजोत कौर 485 (80.83 प्रतिशत) अंक लेकर दूसरे तथा प्रियांशु अग्रवाल 484 (80.67 प्रतिशत) अंक साथ तीसरे स्थान पर रहा। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के सभी प्राध्यापकों प्रति आभार व्यक्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव डी. एल. आनंद तथा प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने मेधावी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं दीं।

- Press Coverage of the Result Declared for BCA 3rd Semester.



डी.ए.वी. कॉलेज होशियारपुर के मेधावी छात्र

# बी.सीए. तीसरे समैस्टर की मोनिका ने संस्था में पाया पहला स्थान

होशियारपुर, 24 फरवरी (नरेन्द्र मोहन शर्मा): पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ द्वारा बीसीए तीसरे सेमेस्टर के घोषित नतीजों में डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर का परिणाम शत- प्रतिशत रहा। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनय कुमार ने बताया कि दिसंबर 2023 में आयोजित उक्त परीक्षा में मोनिका ने 375 में से 312 (83.20 प्रतिशत), अनुज रावत ने 303 (80.80 प्रतिशत) तथा आकृति ने 295 (78.67 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। उन्होंने इस सफलता के लिए छात्रों के माता-पिता और स्नातकोत्तर कम्प्यूटर साईंस एवं एप्लीकेशन विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी। विद्यार्थियों ने भी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार एवं सचिव सेवानिवृत्त प्रिंसिपल श्री डी. एल. आनंद ने भी अपने बधाई संदेश में विद्यार्थियों को आने वाले वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं भेजीं।

- Media Coverage of the Result Declared for B. Sc. Agriculture 5h Semester.



# बी.एससी. एग्रीकल्चर 5वां समैस्टर

## डी.ए.वी कालेज की आरूषि जिले में अव्वल

होशियारपुर, 22 फरवरी (जैन): पंजाब यूनिवर्सिटी की ओर से दिसम्बर 2023 में आयोजित बी.एससी. (एग्रीकल्चर) 5वें समैस्टर की परीक्षा में डी.ए.वी. कालेज का परिणाम शानदार रहा।

प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में आरूषि ठाकुर 3000 में से 2550 (85 प्रतिशत) लेकर जिले में पहले स्थान पर रही। वहीं इसी कक्षा की ईशा रानी 2327 (77.57 प्रतिशत) तथा अमित 2265 (75.5 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्थान में क्रमश: दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। इस सफलता के लिए विद्यार्थियों के माता-पिता और एग्रीकल्चर विभाग के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिं. डी.एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में विद्यार्थियों को आने वाले वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं भी दीं।

*डी.ए.वी कालेज के मेधावी विद्यार्थी।* (जैन)

- D.A.V. College, Hoshiarpur celebrated international mother language day on February 21,2024.




- Ankit Singh’s Outstanding Performance at Republic Day Camp 2024.

# एन.सी.सी. अंडर ऑफिसर अंकित ने डी.ए.वी. कालेज को किया गौरवान्वित

## ■ प्रतिष्ठित यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए हुआ चयन



*प्रिं. डा. विनय कुमार के साथ अंकित सिंह।* (जैन)

होशियारपुर, 17 फरवरी (जैन) : डी.ए.वी. कॉलेज के एन.सी.सी. अंडर ऑफिसर अंकित सिंह ने अपने कौशल का प्रदर्शन कर यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम में स्थान हासिल कर संस्था के नाम को चार चांद लगाए हैं। कैडेट की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रिं. डा. विनय कुमार ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अंकित को एक ओर आर्मी विंग 12 पी.बी.बी.एन. एन.सी.सी. की ओर से गणतंत्र दिवस शिविर 2024 में अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला, तो दूसरी ओर 27 जनवरी, 2024 को दिल्ली कैंट के प्रतिष्ठित करियप्पा परेड ग्राऊंड में आयोजित प्रधानमंत्री की रैली में भाग लेने के लिए चुना गया था।

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ निदेशालय का प्रतिनिधित्व करने वाले 119 कैडेट्स और विशेषकर जालंधर ग्रुप से चुने गए 18 कैडेट्स में अंकित ने अपना नाम दर्ज कराया। उसकी इन उपलब्धियों का श्रेय उसके मार्गदर्शक 12 पी.बी.बी.एन. एन.सी.सी., होशियारपुर के साथ-साथ लैफ्टिनैंट अमन बाहरी को जाता है।

कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार तथा सचिव डी.एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में कहा कि किसी भी कार्य में दृढ़ संकल्प एवं समर्पण ही सफलता की पहली सीढ़ी है। रिपब्लिक-डे कैंप एवं यूथ एक्सचेंज के लिए अंडर ऑफिसर अंकित सिंह का चयन संस्था के लिए गर्व का विषय है, साथ ही अपने साथियों और भावी पीढ़ी के लिए एक उदाहरण है।

- Press Coverage of the Result Declared for B.Com. 5th Semester.

# बी. कॉम. की तमन्ना ठाकुर 86 प्रतिशत अंक साथ संस्था में प्रथम

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 15 फरवरी : पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की ओर से दिसंबर 2023 को बी.कॉम. पांचवें सैमेस्टर के घोषित परिणामों में डी. ए. वी. कॉलेज होशियारपुर की तमन्ना ठाकुर ने 600 में से 516 (86 प्रतिशत) अंक ले संस्था में पहला स्थान हासिल किया। इसी कक्षा की दृशा 494 (82.33 प्रतिशत) अंक ले कर दूसरे तथा अर्चिता जैन 490 (81.67 प्रतिशत) अंक साथ तीसरे स्थान पर रही। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव डी. एल. आनंद तथा प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने मेधावी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के सभी प्राध्यापकों प्रति आभार व्यक्त किया।



मेधावी छात्राएं।

- Media Coverage of the Result Declared for BCA 5th Semester.



# बी.सी.ए. 5वां समैस्टर, डी.ए.वी. कालेज की चाहत अव्वल

होशियारपुर, 14 फरवरी (जैन) : पंजाब यूनिवर्सिटी द्वारा बी.सी.ए. 5वें समैस्टर के घोषित नतीजों में डी.ए.वी. कॉलेज का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रिं.डा. विनय कुमार ने बताया कि दिसम्बर 2023 में आयोजित उक्त परीक्षा में चाहत पठानिया ने 400 में से 364 (91 प्रतिशत), गगन खुशी ने 344 (86 प्रतिशत) तथा अफशा अंजुम ने 341 (85.25 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

*डी.ए.वी कालेज की मेधावी छात्राएं।* (जैन)

उन्होंने इस सफलता के लिए छात्रों के माता-पिता और स्नातकोत्तर कम्प्यूटर एवं एप्लिकेशन विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार एवं सचिव सेवानिवृत्त प्रिं. डी.एल. आनंद ने भी अपने बधाई संदेश में विद्यार्थियों को आने वाले वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं भी दीं।

- On Basant Panchami, worship was offered to Goddess Saraswati, the goddess of arts and learning on February 14,2024.



- DAV College, Hoshiarpur dispensed Prof. (Mrs.) P. L. Arora Memorial Scholarship among its students on means-cum-merit basis, in the presence of Sh. Deshbir Sharma (Rtd. Principal). During the event, College Principal Prof. (Dr.) Vinay Kumar highlighted that this scholarship, in memory of his mother Late Mrs. Pushp Lata Arora, was generously provided by Sh. Sunil Arora, former Chief Election Commissioner of India. Five students of the college viz. Simranjit Kaur, Shruti Sharma, Ashima, Anchal Saini and Arpita Sharma, each received a scholarship of Rs.5000.



# डी.ए.वी. कॉलेज की मेधावी छात्राओं को भेंट की पी.एल. अरोड़ा मैमोरियल स्कॉलरशिप

होशियारपुर, 13 फरवरी (जैन): डी.ए.वी. कॉलेज के 5 मेधावी तथा जरूरतमंद छात्राओं को पी.एल. अरोड़ा मैमोरियल स्कॉलरशिप प्रदान की गई। कॉलेज के प्रिं. डा. विनय कुमार तथा सरकारी कालेज के सेवानिवृत्त प्रिं. देशबीर शर्मा ने कॉमर्स, आर्ट्स, साइंस आदि विभिन्न संकायों से सिमरनजीत कौर, श्रुति शर्मा, आशिमा, आंचल सैनी तथा अर्पिता शर्मा ने 5-5 हजार के चैक प्रदान किए।

अपने संबोधन में प्रिं. डा. विनय कुमार ने कहा कि शिक्षाजगत को समर्पित, अंग्रेजी विषय की शिक्षिका स्वर्गीय पुष्प लता अरोड़ा ने संस्था में अपने 35 वर्षों से अधिक के कार्यकाल दौरान विद्यार्थियों के दिलों पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। साथ ही लंबे अर्से तक डी.ए.वी. कॉलेज के गर्ल्ज विंग में पूर्ण निष्ठा साथ अपनी प्रत्येक जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। उनके ज्येष्ठ पुत्र सुनील अरोड़ा, जोकि देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, ने लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ही अपनी माता जी की स्मृति में मेधावी छात्राओं को छात्रवृत्ति देने की परम्परा को शुरू किया। यह अरोड़ा परिवार की ओर से एक सराहनीय कदम है। इस छात्रवृत्ति के लिए मीन्स कम मैरिट को आधार बनाया गया है।

अरोड़ा परिवार का तहेदिल से आभार प्रकट करते हुए डा. अनूप कुमार अध्यक्ष, मैनेजिंग कमेटी ने अपने संदेश में कहा कि पुष्पलता का ही प्रताप रहा कि उन के तीनों सुपुत्रों तथा सुपुत्री ने उच्च मुकाम हासिल किए। सचिव डी.एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में स्कॉलरशिप प्राप्त करने वाले

विद्यार्थियों को मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त करने का आशीर्वाद देते हुए अपने सामाजिक दायित्व को समझने की बात कही।

छात्रवृत्ति वितरण समारोह दौरान स्टूडैंट ऐड फंड की कन्वीनर डा. वर्षा महिन्द्रा, कॉलेज बरसर सहायक प्रो. नवीन कुमार, डा. मुख्तार सिंह तथा सहायक प्रो. रीना सहोता की उपस्थिति सराहनीय रही।

स्कॉलरशिप की लाभपात्र छात्राओं के साथ प्रिं. डा. विनय कुमार, प्रिं. देशबीर शर्मा, डा. वर्षा महिन्द्रा व अन्य। (जैन)

- Endowment of Vijay Kumar Memorial Scholarship for Young Theatre Artists of DAV College Hoshiarpur.

# डी.ए.वी. कॉलेज में विजय कुमार मैमोरियल स्कॉलरशिप की शुरुआत



प्रिंसीपल विनय कुमार को छात्रवृत्ति का चैक सौंपते अविनाश खेड़ा

होशियारपुर, 2 फरवरी (नरेन्द्र मोहन शर्मा): डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर में रंगमंच में रुचि रखने वाले कॉलेज विद्यार्थियों के लिए विजय कुमार मैमोरियल छात्रवृत्ति शुरू की गई है। प्राचार्य प्रो. (डॉ.) विनय कुमार ने बताया कि इस संबंध में छात्रवृत्ति का चैक अविनाश खेड़ा, सेवानिवृत्त प्रो. रसायन विज्ञान, सुलरोस स्टेट यूनिवर्सिटी अल्पाइन, यूएसए की ओर से अपने भाई विजय कुमार की स्मृति में दिया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि विजय कुमार डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर के पूर्व छात्र थे। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य छात्र कलाकारों को नाट्यकला से अधिक से अधिक जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। अतः यह छात्रवृत्ति केवल उन्हीं रंगकर्मी कलाकारों को ही प्रदान की जाएगी, जिन के अंदर अपनी विभिन्न भाव – भंगिमाओं से दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही अपनी कलाकारी से समाज को गहन संदेश का कौशल है। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार और सचिव श्री डी. एल. आनंद ने अपने संदेश में श्री अविनाश खेड़ा का तहदिल से आभार प्रकट करते हुए कहा कि निस्संदेह ही इस तरह की मदद से छात्रों को अपने इस कौशल को उभारने का सुअवसर मिले गा। संस्था की ओर से श्री अविनाश खेड़ा को स्मृति चिह्न दिया गया।

- Media Coverage and Glimpses from Fete organised at DAV College Hoshiarpur on Feb 4, 2024.

# डीएवी कॉलेज में फेट, शिक्षक एवं विद्यार्थी जमकर थिरके



डीएवी कॉलेज में आयोजित फेट-2024 के विभिन्न दृश्य।

सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर

होशियारपुर, 4 फरवरी : डीएवी कॉलेज, होशियारपुर में आयोजित फेट-2024 का विधिवत उद्घाटन मुख्यातिथि मनोज कपूर, डायरेक्टर, ट्रिपल एम्स के करकमलों से हुआ। प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित फेट दौरान प्रांगण में आनंद और जश्न का माहौल दिखाई पड़ा। सचिव डीएल आनंद ने फेट के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। बारिश के बावजूद भी विद्यार्थियों और शहर निवासियों का संख्या में पहुंचने का उत्साह कम न हुआ। अपनी दिनचर्या से छुट्टी उत्साह और जोश साथ एक ओर ऑन डिमांड गाने पर थिरकते प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों के कदम, म्यूजिकल चेयर में अपनी कुर्सी को बचाने की होड़ में आनंद मग्न विद्यार्थियों की उपस्थिति ने माहौल को खुशनुमा बना दिया, तो दूसरी ओर खाद्य पदार्थों का सेवन कर विद्यार्थियों ने अलग-अलग स्टालों का दौरा कर तंबोला, व्हील ऑफ फारच्यून, लक्की सैवन, गिलास पिरामिड, रिंग्स, डार्ट गेम, लाइट द कैंडल, किक द बॉल आदि गेम्स में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए आकर्षक ईनाम प्राप्त किए। साथ ही संस्था में लगाए गए डीएवी बाजार में खूब खरीददारी भी की।

एलईडी वाशिंग मशीन, अवन, जूसर, प्रैस आदि 55 आकर्षक इनामों के लिए लक्की ड्रा निकालने के लिए डॉ. अनूप कुमार, अध्यक्ष कॉलेज प्रबंधक समिति विशिष्टातिथि रूप में कॉलेज परिसर में पहुंचे। इनाम प्राप्त करने वालों के चेहरे पर अलग ही खुशी दिखाई पड़ी। बधाई देने के साथ ही विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्रों को अकादमिक ज्ञान के अलावा अन्य चीजें सीखने का सुअवसर प्रदान करना है। फेट के सफल आयोजन के लिए उन्होंने कन्वीनर वाइस प्रिंसिपल एसोसिएट प्रो. राजीव शर्मा, को- कन्वीनर एसोसिएट प्रो. डॉ. कुलवंत राणा एवं एसोसिएट प्रो. मंजीत कुमार के साथ ही टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ को भी बधाई दी। कॉलेज प्रांगण में प्रबंधक समिति के सदस्यों श्री आर. एल. भल्ला, श्री सतनजीत सैनी, श्री वाई. पी. जोशी, श्री सुभाष गांधी, डॉ. सी. बी. अरोड़ा, डॉ. राम सुंदर शर्मा के अतिरिक्त सिटी डी. एस. पी. अमरनाथ की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रिंसिपल सर ने सभी का तहदिल से आभार प्रकट किया।





- Glimpses of 75th Republic Day celebration in college on January 26,2024.





होशियारपुर : डी.ए.वी. कालेज में आयोजित समागम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराते मुख्यातिथि डा. अमित गुप्ता, साथ हैं प्रिं. डा. विनय कुमार व स्टाफ के अन्य सदस्य। (जैन)

- Financial assistance to students by Philanthropist Alumnus Harpreet Singh Warraich, media coverage on January 17,2024.

## डी.ए.वी. के पूर्व छात्र हरप्रीत ने विद्यार्थियों को दी आर्थिक सहायता

होशियारपुर, 17 जनवरी (जैन): डी.ए.वी. कालेज के पूर्व छात्र हरप्रीत सिंह बड़ैच ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद प्रदान की। विस्तृत जानकारी देते हुए प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि हरप्रीत ने संस्था से 2016 में बी.एस.सी. नॉन मैडिकल की पढ़ाई पूर्ण की। वर्तमान में वह कनाडा में रहते हैं।

कोई विद्यार्थी पढ़ाई से वंचित न रह जाएं, इसलिए उन्होंने बी.एस.सी. कम्प्यूटर एप्लिकेशन दूसरे समैस्टर के 2 विद्यार्थियों कर्णवीर सिंह तथा जोनसन टरके को आर्थिक सहायता रूप में 15000-15000/- भेजे, जिसे एक समारोह में कालेज प्रबंधक समिति के



*हरप्रीत बड़ैच द्वारा भेजी गई राशि का चैक एक छात्र को सौंपते कालेज के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, साथ हैं प्रिं. डा. विनय कुमार व अन्य। (जैन)*

अध्यक्ष डा. अनूप कुमार के करकमलों से इन विद्यार्थियों को दिए गए।

विदेश में रह रहे हरप्रीत ने अपने गुरुजनों को प्रणाम कर संदेश भेजा कि आज वह जिस मुकाम पर है, उसका श्रेय उसके शिक्षकों को ही जाता है, जिनके ऋण से वह कभी भी मुक्त नहीं हो सकता। डा. अनूप ने इस छात्र के संस्था प्रति प्यार व शिक्षा को लेकर विद्यार्थियों प्रति जिम्मेदारी को समझने की भावना की मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

- Release of New Year Calendar and Diary, media coverage on January 16,2024.

# डी.ए.वी. कॉलेज के वार्षिक कैलेंडर व डायरी का लोकार्पण



कैलेंडर व डायरी का लोकार्पण करते कालेज के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार के साथ प्रिं. डा. विनय कुमार व स्टाफ के अन्य सदस्य। (जैन)

होशियारपुर, 16 जनवरी (जैन): डी.ए.वी. कालेज की प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार व प्रिं. डा. विनय कुमार के करकमलों से संस्था की ओर से तैयार वार्षिक कैलेंडर एवं डायरी का विमोचन किया गया। गौरतलब है कि 1926 में अस्तित्व में आई यह संस्था अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है। इंडिया टुडे, ऑउटलुक तथा एजुकेशनल वर्ल्ड पत्रिकाओं की ओर से शैक्षणिक संस्थानों के किए गए सर्वेक्षण में यह उच्च श्रेणी में शुमार हुई है तथा आज भी अपने विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए वचनबद्ध है।

संस्था का यह कैलेंडर इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के कौशल को दर्शाता है। अनावरण समारोह दौरान कालेज रजिस्ट्रार एसोसिएट प्रो. मंजील कुमार और सुबोध लद्दू की उपस्थिति सराहनीय रही।

- Students of D.A.V.College, Hoshiarpur shined the institution by performing well in the Fine Arts Competition held at Dashmesh Girls College, Chak Alla Bakhsh, Mukerian on 11-12 January 2024.

# ज़िला स्तरीय युवा मेले में डी.ए.वी. कॉलेज की छात्राओं का बेहतरीन प्रदर्शन

होशियारपुर, 13 जनवरी (नरेन्द्र मोहन शर्मा): डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर की छात्राओं ने 11-12 जनवरी को दशमेश गर्ल्ज़ कॉलेज, चक अल्ला बख्श, मुकेरियां में आयोजित ज़िला स्तरीय युवा मेले में करवाई गई फाइन आर्ट्स प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन दिखा कर जीत हासिल करते हुए संस्था का नाम रोशन किया। विस्तृत जानकारी देते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि संस्था की तीन छात्राओं ने मैडम रजनी के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। कोलॉज मेकिंग में बी.सी.ए. की कनिष्का ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं क्ले मॉडलिंग में बी. कॉम. चौथे सेमेस्टर की कशिश वर्मा ने दूसरा तथा बी. बी. ए. चौथे सेमेस्टर की छात्रा दीया ने कार्टून मेकिंग में तीसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज को गौरवान्वित किया। इस के लिए छात्राएं बधाई की पात्रा हैं। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ अनूप कुमार तथा सचिव डी. एल. आनंद ने भी अपने संदेश में संस्था को गौरवान्वित करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देने के साथ कहा कि विद्यार्थियों की आंतरिक प्रतिभा को उजागर करने में प्रतियोगिताएं सक्रिय भूमिका निभाती हैं। अत: शिक्षकों को उन्हें समय-समय पर प्रोत्साहित करते रहना चाहिए।



प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को सम्मानित करते प्रिंसीपल प्रो. डॉ. विनय कुमार।

- Unveiling of College Magazine ARYA KUMAR , media coverage on January 12,2024.



# डी.ए.वी. कॉलेज की पत्रिका आर्य कुमार का लोकार्पण

*आर्य कुमार का लोकार्पण करते कॉलेज के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सचिव डी.एल. आनंद, प्रिं. डा. विनय कुमार व अन्य। (जैन)*

होशियारपुर, 12 जनवरी (जैन): डी.ए.वी. कॉलेज की पत्रिका आर्य कुमार का विधिवत विमोचन डा. अनूप कुमार, अध्यक्ष कॉलेज प्रबंधक समिति, सचिव डी.एल. आनंद, प्रिं. डा. विनय कुमार शर्मा के करकमलों से हुआ।

अपने संबोधन में डा. अनूप ने कहा कि अच्छी पुस्तकों का अध्ययन और अच्छा लेखन चरित्र को महान बनाने में सक्रिय भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों की आतंरिक प्रतिभा को उभारने के लिए पत्रिका एक सक्षम साधन है। प्रिं. ने सभी शिक्षकों को युवा वर्ग को लेखन के लिए प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

पत्रिका के विमोचन समारोह में उपस्थित आर.एम. भल्ला, मनोज कपूर, हरीश शर्मा, शरणजीत सैनी, गौतम मेहता, सुभाष गांधी, डा. सी.बी. अरोड़ा, डा. शाम सुंदर शर्मा, नवरोज शर्मा, राजीव सूद, चंद्रमोहन व अमरदीप चांद ने पत्रिका के विभिन्न अनुभागों में अपना अमूल्य योगदान देने वाले संपूर्ण संपादक मंडल को बधाई दी।

- Inauguration of seven days NSS camp at DAV college, Hoshiarpur (Various activities will be organized under the theme 'Clean Bharat Abhiyan' and 'Meri Maati Mera Desh').




- Viksit Bharat @ 2047 event attended by Faculty and Students at DAV College, Hoshiarpur media coverage on December 11,2023

# विकसित भारत कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में डी.ए.वी. कालेज के विद्यार्थियों ने शिरकत की

**सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर**

होशियारपुर, 11 दिसंबरः डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय और नीति आयोग द्वारा ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम विकसित भारत के अंतर्गत युवाओं की आवाज में जुड़ने का सुअवसर मिला। संस्था के इंस्टीच्यूशन इनोवेशन काउंसिल की ओर से प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार के कुशल नेतृत्व में संस्था के सभी शिक्षक एवं छात्र उस कार्यक्रम का हिस्सा बने, जिसमें देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को संबोधित किया।



ऑनलाइन आयोजित कार्यक्रम की झलकियां।

देश के युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही राष्ट्र निर्माण होता है। यह भारत के लिए स्वर्ण युग है जिसमें देश विकास की दिशा में लंबी छलांग लगा सकता है। लक्ष्य की प्राप्ति और परिणामों की प्राप्ति के लिए नवाचार आवश्यक है। साथ ही उन्होंने शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को संबोधित करते हुए कहा कि आप जिस शिक्षण संस्थान में काम करते हैं, वहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को विकसित भारत अभियान से जोड़ने का बीड़ा आपको उठाना होगा। यदि हर विद्यार्थी और हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी निभाएगा तो देश को विकसित देश बनने से कोई नहीं रोक सकता। अपने भाषण में उन्होंने कौशल शिक्षा पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. विनय कुमार, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. वर्षा महिंद्रा, संयोजक हितेश कुमार, रजिस्ट्रार मंजील कुमार, डॉ. पंकज शर्मा, मैडम सोनम भाटिया, डॉ. दिग्विजय सिंह, समूह स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

- Media Coverage of Seven - Day Faculty Development Program on ' Rejuvenating Teaching Skills' on December 1,2023.

# सात दिवसीय फैकल्टी डिवैल्पमैंट प्रोग्राम नए आयामों को छू गया

**● सीखने की ललक परिवर्तन और विकास की आधारशिला : डा. विनय कुमार**

**सवेरा न्यूज/सोनिया ठाकुर**

होशियारपुर, 1 दिसम्बरः डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर में संस्था के आतंरिक गुणवत्ता मूल्यांकन सैल की ओर से ह्यरेजुबिनेटिंग टीचिंग स्किलह्ल पर आयोजित सात दिवसीय फैक्लटी डिवेलपमेंट प्रोग्राम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार के नेतृत्व तथा को- ऑर्डिनेटर आई. क्यू. ए. सी. एवं कन्वीनर एफ. डी. पी., एसोसिएट प्रो. टरेसी कोहली के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण में लाभकारी नई तकनीकों और विषयों से परिचित कराना था। रिसोर्स पर्सन



फैकल्टी डिवैल्पमैंट प्रोग्राम की तस्वीर।

डॉ. राजीव शर्मा का ह्यभोजन औषधि रूप मेंह्ल, हितेश कुमार का ह्यवर्तमान में ई- संसाधनों की भूमिकाह्ल, सहायक प्रो. सुशील कुमार का ह्यऑफिस आटोमेशन टूलह्ल, डॉ. राहुल कालिया का ह्यपोषण संबंधी संभावनाओं के साथ स्वास्थ्य और कल्याणह्ल, डॉ. पंकज का ह्यपॉवर प्वाइंट स्लाइड्स के संचारी पहलूह्ल तथा डॉ. अमन बाहरी का ह्यसतत विकास लक्ष्यह्ल शीर्षक पर आधारित ज्ञानवर्धक व्याख्यान विकास के अनेक द्वार खोल गए।

प्रोग्राम के सफल आयोजन के लिए आई. क्यू. ए. सी. के प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए प्रिंसिपल डॉ. विनय ने कहा कि जब हम स्वयं को सर्वज्ञाता मान कर कुछ नया सीखेंगे ही नहीं, तो नए परिवर्तन और विकास ही ओर कभी नहीं बढ़ पाएंगे। मैडम टरेसी कोहली ने सभी वक्ताओं और शिक्षक प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हुए संस्था के विकास के लिए ऐसे प्रोग्राम को निरंतर करवाए जाने की आई. क्यू. ए. सी. की वचनबद्धता प्रकट की।

प्रोग्राम के आयोजक सचिव डॉ. सोनू शर्मा ने मंच संचालन का कार्यभार बखूबी निभाने के साथ ही हर पल कुछ नया सीखने के लिए तत्पर रहने की बात की। साथ ही सहायक प्रो. डॉ. दिग्विजय सिंह के सहयोग को सराहा। प्रोग्राम के अंत में सभी वक्ताओं को प्रशंसा पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार तथा सचिव श्री डी. एल. आनंद ने इस प्रकार के आयोजनों को संस्था के विकास में लाभप्रद मानते हुए इसे शिक्षण का अभिन्न अंग बनाने की बात पर बल दिया।

- Career Guidance and Counselling Cell organised an extension lecture on ' Opportunities in Food Supplement Industry' on November 17, 2023.



# फूड सप्लीमैंट उद्योग में रोजगार की अपार 'संभावनाएं' विषय पर लैक्चर का आयोजन

*मुख्य वक्ता एन.आर.आई. दलजीत सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट करते प्रिं.डा. विनय कुमार, साथ हैं स्टाफ के अन्य सदस्य। (जैन)*

होशियारपुर, 17 नवम्बर (जैन): डी.ए.वी. कॉलेज में संस्था के करियर गाइडैंस एवं कौंसलिंग सैल की ओर से विद्यार्थियों के लिए फूड सप्लीमैंट उद्योग में स्नातक डिग्री कर के नौकरी प्राप्त करने की अपार संभावनाओं विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।


मुख्य वक्ता रूप में दलजीत सिंह जोकि न्यूजीलैंड में दवा कंपनियों के समूह सुपर मैगा ग्रुप के जनरल मैनेजर तथा डी.ए.वी. कॉलेज के पूर्व छात्र हैं, ने शिरकत की। अपने वक्तव्य में उन्होंने विद्यार्थियों को भारत से बैचलर डिग्री करने बाद न्यूजीलैंड में नौकरी प्राप्त करने के अनेक अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों की अनेक शंकाओं का समाधान किया। कॉलेज प्रिं. डा. विनय कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों के लिए इस व्याख्यान को लाभप्रद माना।

साथ ही विषय पर गहरी पैठ के लिए वक्ता की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। संस्था की ओर से मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सैल के इंचार्ज हितेश कुमार, रजिस्ट्रार प्रो. मंजील कुमार, बरसर प्रो. नवीन कुमार, सुबोध, शेफाली ठाकुर, जसप्रीत कौर तथा सरिता स्याल की उपस्थिति सराहनीय रही।

- *Kala Manch* (Dept. of Fine Arts and Fashionistas (Dept. of Fashion Designing organized Sale cum Exhibition of Decorative Items on November 10, 2023



- A pledge taking ceremony was organised by Red Ribbon Club of the college to make students aware about the harm effects of drugs intake on November 8, 2023.




- Post Graduate Department of Commerce and Management celebrated World Entrepreneurship Day with an inspiring Power Point Presentation Competition focused on innovative Business Plans on November 3, 2023.



- Ramanujan Mathematics Society of DAV College, Hoshiarpur organised"Mathematics Olympiad 2023" competition in the memory of*Srinivasa Ramanujan* on November 1, 2023




- Post - Graduate Department of Commerce and Management organised a Power Point Presentation on the topic G-20 and its impact on Sustainable Development Goals 2030 on September 25, 2023



- Post Graduate Department of Commerceand Management organised an extension lecture on Personality & Development on September 21, 2023




- PG Department of Punjabi organized Creative Writing Competition on September 20, 2023.



- Media Coverage of the Result Declared for M.Com. 4th Semester.



# एम.कॉम. चौथा समैस्टर के परिणाम में डी.ए.वी. कालेज की दीक्षा अव्वल

होशियारपुर, 16 सितम्बर (जैन): पंजाब विश्वविद्यालय की ओर से एम.कॉम. चौथे समैस्टर के घोषित परिणामों में डी.ए.वी. कॉलेज की दीक्षा प्रीति ने 2800 में से 2312 (82.57 प्रतिशत) अंक लेकर संस्था में पहला स्थान हासिल किया।

इसी कक्षा की कविता कोहली 2283 (81.54 प्रतिशत) अंक लेकर दूसरे तथा रूपाली 2269 (81.04 प्रतिशत) अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सचिव डी.एल. आनंद तथा प्रिं. डा. विनय कुमार ने मेधावी छात्राओं को आगामी परीक्षाओं के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता के लिए पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमैंट ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमैंट के सभी प्राध्यापकों प्रति आभार व्यक्त किया।

डी.ए.वी. कालेज की मेधावी छात्राएं। (जैन)

- *Hindi SahityaSabha* in collaboration with Internal Quality Assurance Cell of the college celebrated '*Hindi Diwas'* by organizing Hindi Typing Competition on September 14, 2023



- Library Orientation Program for students of Post Graduate Department of Commerce was organized on September 12, 2023.




- Poster Making, Debate & Group Discussion Competitions organized by Department of Biology and Agriculture to Mark World Suicide Prevention Day on September 9, 2023.



# विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर प्रतियोगिताएं करवाई

**समस्याओं पर बड़ों से चर्चा करने और नकारात्मक संगति से दूर रहने का आह्वान किया**

सवेरा न्यूज़ होशियारपुर विकास सूद

जीवन में उतार- चढाव तो आते ही रहते हैं, पर उन से हताश हो कर अपनी जीवन लीला समाप्त करना कायरता है। यह मानव जीवन तो परमात्मा द्वारा दी गई एक अमूल्य धरोहर है। उक्त शब्द डीएवी कॉलेज होशियारपुर के प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर कहे। उन्होंने छात्रों से अपनी समस्याओं पर बड़ों से चर्चा करने और नकारात्मक संगति से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर जे.सी. बोस बायोलॉजिकल सोसायटी की ओर से विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में क्रिएटंग होप थ्रू एक्शन' थीम पर वाद-विवाद, समूह चर्चा और पोस्टर मेकिंग जैसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने पीला रिबन जो आत्महत्या रोकथाम संबंधी जागरूकता अभियान का प्रतीक है, बांध कर सभी को जीवन का महत्व बताया। वाद- विवाद प्रतियोगिता में यदु नंदन शर्मा, जसप्रीत सिंह तथा अरुषि ने क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रुप चर्चा में यदु नंदन और अरुषि ने संयुक्त रूप से पहला, अंश भोले ने दूसरा और यशमोल राजू ने तीसरा स्थान पाया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अमरिंदर कौर, हरमनप्रीत कौर और पल्लवी ने क्र मशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान पाया। निर्णायक मंडल की भूमिका एसोसिएट प्रो. टरेसी कोहली, सहायक प्रो. डॉ. अनु सैनी, रजनी और प्रिया ने बखूबी निभाई। डॉ. राजीव ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल लगभग 8 लाख लोग सुसाइड के जरिए अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। आत्महत्या करने वाले लोगों की फेहरिस्त में ज्यादातर युवा शामिल हैं. जिनकी उम्र 15 से 29 साल के बीच होती है. ऐसे में विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस की प्रासांगिकता और बढ़ जाती है। कार्यक्र म दौरान एसोसिएट प्रो. कमलजीत कौर, एसोसिएट प्रो. अनिल, डॉ. सुनील वर्मा, मैडम अननिकता ठाकुर, हरमनजीत सिंह की उपस्थिति सराहनीय रही।

समागम में भाग लेते ोग।

- Chanakya Society, PG Department of Political Science celebrated International Literacy Day on the theme 'Promoting literacy for a world in transition: Building the foundation for sustainable and peaceful societies' by performing ‘One Act Play’ On September 8, 2023.




- Sociological Forum Society, Department of Sociology in collaboration with IQAC organized a visit to celebrate" NATIONAL NUTRITION WEEK 2023" from 1st September to 7th September for the children of neighbouring slum areas.



- Press Coverage of Result Declared for PGDCA 2nd Semester.



ਡੀ.ਏ.ਵੀ. ਕਾਲਜ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦੀਆਂ ਹੋਣਹਾਰ ਵਿਦਿਆਰਥਣਾਂ।

# ਡੀ.ਏ.ਵੀ. ਕਾਲਜ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਰਿਹਾ

ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ, 4 ਸਤੰਬਰ (ਬਲਜਿੰਦਰਪਾਲ ਸਿੰਘ)- ਪੰਜਾਬ ਯੂਨੀਵਰਸਿਟੀ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਲੋਂ ਐਲਾਨੇ ਪੀ.ਜੀ.ਡੀ.ਸੀ.ਏ. ਦੂਜੇ ਸਮੈਸਟਰ ਦੇ ਨਤੀਜੇ 'ਚ ਡੀ.ਏ.ਵੀ. ਕਾਲਜ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਸ਼ਾਨਦਾਰ ਰਿਹਾ। ਪ੍ਰਿੰਸੀਪਲ ਡਾ. ਵਿਨੈ ਕੁਮਾਰ ਨੇ ਦੱਸਿਆ ਕਿ ਅਸ਼ਮੀਤ ਕੌਰ ਨੇ 88 ਫ਼ੀਸਦੀ, ਜੈਸਿਕਾ ਨੇ 86 ਫ਼ੀਸਦੀ ਤੇ ਇਸ਼ਿਤਾ ਨੇ 82.8 ਫ਼ੀਸਦੀ ਅੰਕ ਲੈ ਕੇ ਕਾਲਜ 'ਚੋਂ ਕ੍ਰਮਵਾਰ ਪਹਿਲਾ, ਦੂਜਾ ਤੇ ਤੀਜਾ ਸਥਾਨ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕੀਤਾ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਹੋਣਹਾਰ ਵਿਦਿਆਰਥਣਾਂ ਨੂੰ ਵਧਾਈ ਦਿੱਤੀ। ਕਾਲਜ ਪ੍ਰਬੰਧਕ ਕਮੇਟੀ ਦੇ ਪ੍ਰਧਾਨ ਡਾ. ਅਨੂਪ ਕੁਮਾਰ, ਸਕੱਤਰ ਡੀ.ਐਲ. ਆਨੰਦ ਨੇ ਆਪਣੇ ਵਧਾਈ ਸੰਦੇਸ਼ 'ਚ ਕਿਹਾ ਕਿ ਮਿਹਨਤ ਨਾਲ ਹੀ ਜੀਵਨ ਦੇ ਹਰ ਖੇਤਰ 'ਚ ਸਫਲਤਾ ਪ੍ਰਾਪਤ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਦਿਆਰਥਣਾਂ ਦੇ ਉੱਜਵਲ ਭਵਿੱਖ ਲਈ ਸ਼ੁੱਭਕਾਮਨਾਵਾਂ ਦਿੱਤੀਆਂ।

- Planning Forum, Department of Economics in collaboration with Institution's Innovation Council celebrated 'National Small Industry Day', by organizing a poster making competition on August 30, 2023.



- Department of Physical Education and Sports observed ‘National Sports Day’on August 29, 2023.

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर डी.ए.वी. कालेज में याद किए गए मेजर ध्यान चंद



*वाइस प्रिं. रजनीश खन्ना व स्टाफ के अन्य सदस्यों के साथ खेलों में भाग लेने वाले छात्र। (जैन)*

होशियारपुर, 29 अगस्त (जैन): डी.ए.वी. कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन प्रिं. डा. विनय कुमार के दिशानिर्देश तथा विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा एवं स्पोर्ट्स, प्रो. गुरविन्द्र कौर के मार्गदर्शन में हुआ। राष्ट्रीय खेल दिवस 2023 के थीम खेल एक समावेशी और फिट समाज के लिए एक समर्थक के रूप में मद्देनजर शिक्षकों तथा छात्रा बसतिन्द्र कौर और संदीप कौर ने अपने विचार सांझे किए।

वाइस प्रिं. रजनीश खन्ना ने अपने संबोधन में कहा कि इस दिवस को मनाने का मकसद विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से युवा पीढ़ी को रू-ब-रू कराना तथा खेलों में बढ़ चढ़कर कर भाग लेने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है, ताकि वे स्वस्थ रह देश को गौरवान्वित करें।

प्रो. गुरविन्द्र कौर ने भारतीय हाकी के गौरवशाली इतिहास को लिखने का श्रेय मेजर ध्यानचंद को ही दिया, जिन्होंने अपने जीवनकाल में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल कीं तथा ओलिम्पिक मैचों में भारत का नाम सुनहरे अक्षरों में अंकित किया। इसी लिए ही वर्ष 2012 से भारत सरकार ने उन के जन्मदिन को ही राष्ट्रीय खेल दिवस रूप में मनाने की स्वीकृति दी।

सहायक प्रो. डा. राहुल कालिया ने इस दिन विभिन्न खेलों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को दिए जाने वाले विभिन्न पुरस्कारों- अर्जुन अवार्ड, द्रोणाचार्य अवार्ड, खेल रत्न अवार्ड आदि पर विस्तृत जानकारी दी। स्मृति समारोह में विनोद कुमार, कमलजीत के अतिरिक्त लगभग 60 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया।

- A one-day orientation programme was organized for the new entrants on August 26, 2023.

## डी. ए. वी. कालेज होशियारपुर में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

सवेरा न्यूज /विकास सूद

होशियारपुर, 26 अगस्त : डी.ए.वी. कॉलेज, होशियारपुर में डॉ. अनूप कुमार, अध्यक्ष प्रबंधक समिति, डॉ. एस. आनंद, सचिव के दिशानिर्देश तथा प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार के मार्गदर्शन में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2023-24 में प्रथम वर्ष के बी. ए., बी.एससी. मैडिकल, नॉन-मैडिकल, बी.बी.ए., बी.कॉम., बी.सी.ए., एम. कॉम. एम. एस. आई. टी. में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें संस्था के गौरवमयी इतिहास से परिचित करवाया गया। प्रिंसीपल डॉ. विनय ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों से ही शिक्षण संस्थाओं का अस्तित्व है। शिक्षा फलदार वृक्ष रूपी जीवन का निर्माण





ओरिएंटेशन प्रोग्राम की तस्वीरें।

करने वाला बीज है और पुस्तकालय ज्ञान का प्रतीक है। अतः गुरु-शिष्य परंपरा का निर्वहन करते हुए उन्होंने युवा पीढ़ी को अपने लक्ष्य को निर्धारित करने, अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझने एवं मनोबल को प्रतिष्ठित करने के साथ-साथ अपनी जड़ों से जुड़े रहने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने नए विद्यार्थियों को उनके मेंटर्स से मिलाने के साथ ही संस्था में मिलने वाली सुविधाओं- स्कॉलरशिप, एन.एस.एस., एन. सी. सी., स्पोर्ट्स, प्रयोगशालाओं, प्लेसमेंट, सांस्कृतिक गतिविधियों के अतिरिक्त गठित विभिन्न कमेटियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। डीन स्टूडेंट वैल्फेयर एसोसिएट प्रो. राजीव शर्मा ने कहा कि आप सभी विद्यार्थी उस संस्था का हिस्सा बन रहे हैं। उन्होंने छात्रों को अनुशासन बनाए रखते हुए सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने तथा संस्था के विकास में अपने सुझाव देते रहने के लिए कहा। इस अवसर पर रजिस्ट्रार एसोसिएट प्रो. मंजीत कुमार, डिप्टी बरसर सहायक प्रो. नवीन कुमार तथा अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

- Press Coverage of the Result Declared for B.Sc. 2nd Semester.



# बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की नगिता देवी प्रथम

भास्कर न्यूज | होशियारपुर

पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की ओर से मई 2023 में आयोजित बीएससी दूसरे सेमेस्टर के घोषित परिणाम में डीएवी कॉलेज का परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में नगिता देवी ने 375 में से 322 (85.87%), अंकिता ने भी 315 में से 311 (82.98%) तथा रिशिता ठाकुर ने 415 में से 322 (77.59%) अंक प्राप्त पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने इस सफलता के लिए छात्राओं के माता-पिता और साइंस विभाग के सभी शिक्षकों को बधाई दी। महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. सचिव अनूप कुमार सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिंसीपल डीएल आनंद ने अपने बधाई संदेश में छात्राओं को आने वाले वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आशीर्वाद दिया।

- Planning Forum, Department of Economics celebrated 'Women's Equality Day' by organising Essay Competition on the theme 'Embrace Equity' on August 26, 2023.



- Media Coverage of the Result Declared for BA 2nd Semester.



# बी.ए. द्वितीय समैस्टर, हरप्रीत डी.ए.वी. कालेज में अव्वल

होशियारपुर, 18 अगस्त (जैन) : पंजाब यूनिवर्सिटी की ओर से मई 2023 में आयोजित बी.ए. द्वितीय समैस्टर के घोषित परिणाम में डी.ए.वी. कॉलेज की हरप्रीत वालिया ने 400 में से 310 (77.5 प्रतिशत), अलीशा मल्होत्रा ने 300 (75 प्रतिशत) तथा महक ने 295 (73.7 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमशः पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिं. डी.एल. आनंद तथा कॉलेज के प्रिं. डा. विनय कुमार ने छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई दी। साथ ही सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतर परिणाम पाने के लिए आगामी वर्षों में भी पूर्ण लग्न से पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया।

डी.ए.वी. कालेज की मेधावी छात्राएं। (जैन)

- To commemorate the Birth Anniversary of Padmashri Dr. S. R. Ranganathan, the 'Father of Library Science' in India, DAV College Hoshiarpur organised Exhibition of Competitive Examination books, in order to inspire students for career growth, exploring opportunities and gain knowledge on August 12, 2023.



- Press Coverage of the Result Declared for MA History 2nd Semester.

## एमए हिस्ट्री दूसरे सेमेस्टर में सिमरनजीत कौर 75% अंकों साथ संस्था में प्रथम



**होशियारपुर** | डीएवी कॉलेज का स्नातकोत्तर इतिहास चौथे सेमेस्टर का परिणाम शानदार रहा। प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ की ओर से घोषित परिणाम में सिमरनजीत कौर ने 400 में से 299 (75.%) अंकों साथ संस्था में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं नेहा ने 295 (73.7%) तथा मनदीप सिंह 275 (68.7%) अंकों साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिंसिपल डीएल आनंद ने परीक्षा में शानदार प्रदर्शन के लिए छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए भी ढेरों शुभकामनाएं भेजीं। छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद तथा पोस्ट ग्रेजुएट डिपार्टमेंट ऑफ हिस्ट्री के सभी प्राध्यापकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया।

- Media Coverage of the Result Declared for B.Sc Agriculture 8th Semester.

## बी.एससी. एग्रीकल्चर 8वां समेस्टर, हर्षिता डी.ए.वी. कालेज में प्रथम

होशियारपुर, 9 अगस्त (जैन) : पंजाब यूनिवर्सिटी की ओर से मई 2023 में आयोजित बी.एससी. एग्रीकल्चर 8वें समेस्टर के घोषित परिणाम में डी.ए.वी. कॉलेज का परिणाम शानदार रहा। प्रिं. डा. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में हर्षिता राणा ने 4800 में से 3984 (83 प्रतिशत), चरणप्रीत कौर ने 3899 (81.23 प्रतिशत) तथा निशा कुमारी ने 3888 (81 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्थान में क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के लिए छात्राओं के माता-पिता और एग्रीकल्चर विभाग के सभी शिक्षक बधाई के पात्र हैं।



*डी.ए.वी. कालेज की मेधावी छात्राएं। (जैन)*

कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सचिव एवं सेवानिवृत्त प्रिं. डी.एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में छात्राओं को आने वाले वर्षों में कड़ी मेहनत से सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आशीर्वाद दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं भी दीं।

- Press Coverage of the Result Declared for B.Sc 4th Semester.

# बी.एससी. चौथा समैस्टर के परिणाम में डी.ए.वी. कालेज की जसलीन अव्वल

होशियारपुर, 7 अगस्त (जैन): पंजाब विश्वविद्यालय की ओर से मई 2023 में आयोजित बी.एससी. चौथे समैस्टर की परीक्षा के घोषित परिणाम में डी.ए.वी. कॉलेज की जसलीन ने 405 में से 331 (81.73 प्रतिशत) अंक तथा निवेदिता ने 325 (80.25 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर संस्था में क्रमश: पहला तथा दूसरा स्थान हासिल किया। इसी कक्षा की सतिन्द्र जीत कौर 420 में से 321 (76.43 प्रतिशत) अंक साथ तीसरे स्थान पर रही।



*डी.ए.वी. कालेज की मेधावी छात्राएं। (जैन)*

प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डा. अनूप कुमार, सचिव डी.एल. आनंद तथा प्रिं. डा. विनय कुमार ने मेधावी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं आगामी परीक्षाओं के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता के लिए साइंस विभाग के सभी प्राध्यापकों प्रति आभार व्यक्त किया।

- Media Coverage of Result Declared for BA 4th Semester.

# बी.ए. के गौतम मल्होत्रा ने 74.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था से प्रथम स्थान प्राप्त किया

**सवेरा न्यूज/विकास सूद**

होशियारपुर,6 अगस्त : पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ की ओर से बी.ए. चतुर्थ समैस्टर के घोषित परिणाम में डी. ए. वी. कॉलेज, होशियारपुर का परिणाम शानदार रहा।



प्राचार्य प्रो. डॉ. विनय कुमार ने बताया कि उक्त परीक्षा में गौतम मल्होत्रा ने 435 में से 326 (74.9 फीसदी), रवीना ने 450 में से 334 (74.2 फीसदी) तथा मनरूप सिंह ने 400 में से 293 (73.2 फीसदी) अंक प्राप्त कर क्र मशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार एवं सेवानिवृत्त प्रिंसीपल श्री डी. एल. आनंद ने अपने बधाई संदेश में विद्यार्थियों को आने वाले वर्षों में भी कड़ी मेहनत से अपने अभिभावकों, शिक्षकों तथा संस्था के नाम को गौरवान्वित करने का आशीर्वाद दिया।